

16:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 132 | epaper.rashtriyakhabar.com | ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

सुसिद्धमौषधं धर्मं गृहच्छिद्रं च मैथुनम्।

कुभुक्तं कुश्रुतं चैव मतिमान्न प्रकाशयेत्॥

भावार्थ : बुद्धिमान व्यक्ति को चाहिए कि सिद्ध की हुई औषधि, अपने द्वारा किये जानेवाले धर्माचरण, घर के दोष, स्त्री के साथ संभोग, कुभोजन तथा सुने हुए निन्दित वचन किसी के सामने प्रकट न करे।

रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 40.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.23 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.07 बजे

## कोर कमांडर के घर पर हमले के 340 संदिग्ध गिरफ्तार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में लाहौर शहर की पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पिछले सप्ताह देश में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान एक कोर कमांडर के घर में हमले में कथित रूप से शामिल 340 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में इस मामले का मुख्य संदिग्ध शामिल है, जिसने कथित तौर पर कमांडर की वर्दी चुरा ली और उनके आवास पर धावा बोला था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तानी पुलिस निगरानी कैमरों, वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य स्रोतों का उपयोग करके अपराधियों की पहचान करने में कामयाब रही। इस बीच, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पुलिस अधिकारियों ने हाल ही में पुलिस वाहनों और निजी घरों पर हुए हमले में 62 संदिग्धों की पहचान की है।

## औरंगाबाद में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**औरंगाबाद :** बिहार में नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में बिहार और झारखंड के दो हार्डकोर नक्सली गोरा यादव तथा विधि विरुद्ध किशोर ने सोमवार को पुलिस प्रशासन , केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल एवं कोबरा बटालियन के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम ने यहां बताया कि एक व्यक्ति तथा कोबरा बटालियन के दो जवानों की हत्या में संलिप्त नक्सली गोरा यादव तथा विधि विरुद्ध किशोर ने सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई तथा आत्मसमर्पण सह पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि दोनों नक्सली औरंगाबाद जिला सहित आसपास के जिलों के कई कांडों में फरार चल रहे थे।

## युगांडा में भारतीय व्यापारी की हत्या

**कंपाला :** युगांडा की राजधानी कंपाला में एक पुलिस अधिकारी ने एक भारतीय व्यवसायी उत्तम भंडारी की गोली मारकर हत्या कर दी। देर से प्राप्त रिपार्ट के मुताबिक रज्जा चेम्बर्स में टीएफएस फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक उत्तम भंडारी को पुलिस कार्यालय के पीसी इवान वाबवायर ने शुक्रवार को गोली मार दी। पुलिस अधिकारी का श्री भंडारी से लिए गए ऋण की राशि को वापस करने को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद ही आरोपी ने घटना को अंजाम किया। राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने शनिवार को श्री भंडारी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। कंपाला में भारतीय उच्चायोग ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की और राष्ट्रपति को उनकी संवेदना तथा पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार करने के लिए धन्यवाद दिया।

## तुर्किये में एर्दोगन के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत

**इस्तांबुल :** तुर्किये में हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन की जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) और उसकी सहयोगी पार्टी नेशनल मूवमेंट पार्टी (एमएचपी) ने संसदीय चुनाव में बहुतम हासिल कर लिया है। यह जानकारी सोमवार को सरकारी न्यूज चैनल टीआरटी हैबर ने अपनी रिपोर्ट में दो है। चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक एकेपी ने 35 प्रतिशत से अधिक मत और 266 सीटें हासिल की है। वहीं एकेपी ने अपनी सहयोगी पार्टी के साथ 600 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 320 सीटें जीती हैं। वहीं छह दलों के विपक्षी गठबंधन ने भी 35 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त किया है। संसदीय चुनाव में 10.3 लाख मत अवैध करार दिए गए हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**मुलाकात** हिंसा की वजह से भुखमरी की कगार पर पहुंचा मणिपुर

# मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने की अमित शाह से भेंट

- राज्य में सारे रास्ते जाम और इंटरनेट बंद
- जमीनी हकीकत की जानकारी ली गृह मंत्री ने
- केंद्र ने सुरक्षा और शांति का आश्वासन दिया

**भूपेन गोस्वामी**



**केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की अखंडता की रक्षा का आश्वासन दिया**

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा,'हमने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) घटना पर दुख व्यक्त किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य की अखंडता की रक्षा करने का आश्वासन दिया। 15 मई को अपने सचिवालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मीडिया को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि उनके पांच कैबिनेट सहयोगियों के साथ; मणिपुर भाजपा अध्यक्ष ए शारदा और सांसद लीशेम्बा सनाजाओबा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया था कि केंद्रीय नेता ऐसा कोई निर्णय नहीं लेंगे जिससे राज्य की अखंडता को नुकसान पहुंचे या बाधित हो। वर्तमान संकट में ऑपरेशन निलंबन (एसओओ) में शामिल आतंकवादियों की कथित संलिप्तता के बारे में, मंत्री ने आतंकवादियों की सख्ती से निगरानी करने का भी आश्वासन दिया था कि वे जमीनी नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह का निरीक्षण केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और राज्य बलों की संयुक्त निगरानी समिति द्वारा किया जाएगा।

**गुवाहाटी :** मणिपुर में गत तीन मई को हुई हिंसा के बाद खाद्य आपूर्ति को रोक दिये जाने के बाद लोग लगभग भूखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। इम्फाल के लगभग सभी व्यापारियों और आपूर्तिकताओं ने कहा कि स्टॉक में अनाज, दाल, खाद्य तेल, आलू आदि नहीं है। मणिपुर सरकार पिछले कुछ दिनों से भोजन और पेट्रोलियम उत्पादों के ट्रकों को लाने की कोशिश कर रही है। कांगपोकपी जिले में अधिकांश ट्रकों को लूट लिया गया और वाहनों को जला दिया गया और इसलिए सभी ट्रक चालक जिले में वापस आ गए। मणिपुर मानवीय संकट का सामना कर रहा है और आवश्यक वस्तुए प्रदान करने के लिए केंद्र से अभी तक कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ है। इम्फाल से माओ राजमार्गों को ज्यादातर समय कुछ जातीय समूहों के लोगों द्वारा अवरुद्ध किया गया है, मणिपुर के लोगों ने राजमार्ग को खोलने की सुरक्षा बल से मांग की।दवा खरीदने के लिए कतार में खड़े लोगों ने कहा कि मणिपुर को तीन महीने पहले भी बार-बार नाकाबंदी का सामना करना पड़ा, लेकिन इस बार आवश्यक वस्तुओं और दवाओं के अचानक गायब होने से लोगों को कठिनाई हुई।

नागरिक आपूर्ति मंत्री सुसिंद्रो ने कहा कि सरकारी गोदामों में चावल की कोई कमी नहीं है और इसे लोगों को बेचा जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने दस जिलों में प्रत्येक परिवार को 10 किलो चावल बेचने का फैसला किया है।मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह हिंसा प्रभावित राज्य की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के बाद इंफाल लौट आए हैं। एन बीरेन सिंह के साथ राज्य के चार अन्य नेता भी थे। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। इसके अलावा सूत्रों ने दावा किया कि राज्य नेतृत्व को सलाह दी गई है कि वह आम जनता से तुरंत संवाद करें और स्थिति के बारे में बड़े पैमाने पर संपर्क करें।मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि अभियान स्थगित होने के बाद अवैध हथियार रखने वाले राज्य के उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

योगी और कर्नाटक की जीत में दब गयी थी यह सूचना

## अयोध्या में सुलतान की जीत एक नया रिकार्ड



**राष्ट्रीय खबर**

**लखनऊः** भगवान श्री राम के अयोध्या उपचुनाव में एक मुस्लिम युवक ने भारी अंतर से जीत हासिल की। उसका नाम सुलतान अंसारी है। वह अयोध्या के राम अभिराम दास वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए थे। हिंदू बहुल वार्ड में सुलतान की जीत से सभी हिंदू और मुसलमान खुश हैं। इस पर पहले भी चर्चा हो सकती थी लेकिन एक तरफ कर्नाटक के चुनाव में कांग्रेस की जीत और यूपी के निकाय चुनाव में योगी आदित्यनाथ की चर्चा के बीच इस बात पर लोगों का ध्यान कम गया था।

जारी उपचुनाव के नतीजे बता रहे हैं कि अयोध्या में मेयर पद के चुनाव में भाजपा की जीत हो गई है। अयोध्या के कुल 60 वार्डों में से 27 वार्डों में भाजपा को जीत मिली है। सपा ने 17 वार्डों पर और 10 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। उनमें से एक हैं राम अभिराम दास वार्ड। वहां सुलतान जीत गया।

राम जन्मभूमि के ठीक पीछे इसी इलाके के रहने वाले थे राम अभिराम दास। वार्ड का नाम राम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रदूतों में से एक राम अभिराम के नाम पर रखा गया है। सुलतान उस वार्ड में लड़ा। सुलतान ने जीत के बाद कहा, यह अयोध्या में हिंदू-मुस्लिम शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का सबसे अच्छा उदाहरण हो सकता है।

राम अभिराम दास वार्ड में मुस्लिम आबादी नगण्य है। हिंदू वोट 3,844 थे, जबकि मुस्लिम वोट केवल 440 थे। अकेले जय सुलतान को पड़े कुल वोटों में से 42 फीसदी वोट मिले। कुल मत 996 प्राप्त हुए। दूसरे नंबर पर एक और निर्दलीय उम्मीदवार नागेंद्र मांझी हैं। उन्हें 442 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे।

» पेज 2 भी देखें

यूनिफॉर्म सिविल कोड पूरे देश में शीघ्र लागू होगा, असम में लव जिहाद रोकेंगे

## तेलंगाना में आएगा राम राज्य : हिमंत बिस्वा सरमा

- खुले मंच से ओबैसी को दी चुनौती
- छह सौ मदरसे बंद कर दिये हैं हमने
- इस साल और तीन सौ बंद करेंगे

**पूर्वोत्तर संवाददाता**



**गुवाहाटीः** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि देश में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होगी और बहुविवाह समाप्त हो जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि देश में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होगी और बहुविवाह समाप्त हो जाएगा। वह करीमनगर में हिंदू एकता यात्रा के दौरान बोल रहे थे जिसकी मेजबानी तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद बंदी संजय कुमार ने की थी।सरमा ने टिप्पणी की, भारत में कुछ लोगों का मानना था कि वे चार महिलाओं से शादी कर सकते हैं। यह उनका विचार था। लेकिन मुझे विश्वास है कि आप चार शादियां नहीं कर पाएंगे। वे दिन समाप्त हो रहे हैं। वह दिन दूर नहीं है। (यूसीसी) भारत आ रहा है और समय आ गया है कि भारत को वास्तव में धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया जाए। असम के मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार ने बहुविवाह को गैरकानूनी घोषित करने के लिए एक विधेयक को अपनाने के लिए राज्य विधायिका की विधायी क्षमता की जांच के लिए चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का नाम लिए बिना भाजपा के एक प्रमुख नेता शर्मा ने कहा कि तेलंगाना में राम राज्य राजा के शासन की जगह लेगा। राजा के पास केवल पाँच महीने बचे हैं। हमारा उद्देश्य तेलंगाना में राम राज्य स्थापित करना है। उन्होंने कहा, हमें हिंदू सभ्यता के आधार पर तेलंगाना में ह्यराम राज्यह्न स्थापित करना चाहिए।तेलंगाना विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने वाले हैं। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने टेलीविजन पर कुछ लोगों को यह घोषणा करते हुए देखा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद देश में हिंदू धर्म के नाम पर और कुछ नहीं होगा और भारत में राष्ट्रवाद और सनातन (धर्म) तब तक रहेगा जब तक सूर्य

» पेज 2 भी देखें

## तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत

**चेन्नई :** तमिलनाडु के विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिले में पिछले दो दिन के दौरान जहरीली शराब पीने से कुल 14 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि विलुप्पुरम जिले के मरक्कानम के पास एकियारकुप्पम मछुआरा बस्ती में कल शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई, जबकि चार और लोगों ने अस्पतालों में दम तोड़ दिया। इसके अलावा, चेंगलपेट जिले के मदुरंतकम में एक दंपती सहित पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों घटनाओं के सिलसिले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेंगलपट्टू शराब त्रासदी में मारे गए पांच लोगों के परिवारों को दस-दस लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बीमार लोगों के लिए 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि की भी घोषणा की और अस्पताल प्रशासन को उन्हें सर्वोत्तम इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया। श्री स्टालिन ने उस अस्पताल का दौरा किया जहां मरक्कनम घटना के पीड़ितों का इलाज चल रहा है और उन्हें उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। श्री स्टालिन ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सी सिलेंद्र बाबू ने राज्य में नकली शराब की बिक्री का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए एक विशेष तलाशी अभियान चलाने के आदेश जारी किए।

बिहार में मंगलवार के दिन एक साथ दो महत्वपूर्ण बैठक

## मुख्य सचिव और डीजीपी दोनों ही चर्चा करेंगे

- डीजीपी विधि व्यवस्था पर रेंज के अफसरों से बात करेंगे
- मुख्य सचिव की बैठक एससी एसटी मामलों पर होगी
- कार्यालयों में दोनों बैठकों को लेकर जारी है चर्चा

**दीपक नौरंगी**



**पटनाः** बिहार में कल यानी 16 मई मंगलवार के दिन दो महत्वपूर्ण बैठक होगी पहली बैठक डीजीपी आरएस भट्टी के द्वारा सभी रेंज के डीआईजी आई जी के साथ ऑनलाइन बैठक होगी। जिसमें विधि व्यवस्था को लेकर और जन शिकायत और वेलफेयर के काम किस तरह से हो रहे हैं उसको लेकर डीजीपी रेंज के सभी डीआईजी आई जी से बिंदु बार बिंदु मामले की समीक्षा करेंगे। इसमें एडीजी विधि व्यवस्था संजय सिंह एडीजी सुशील खोपड़े बैठक में मौजूद रहेंगे। डीजीपी की यह बैठक करीब तीन घंटे तक होने की संभावना बताई जा रही है।

दूसरी अहम बैठक जो मुख्य सचिव आमिर सुबहानी के साथ है यह बैठक मुख्य सचिव के द्वारा पुरानी सचिवालय से ऑनलाइन सभी पुलिस पदाधिकारी और सभी जिला पदाधिकारियों के साथ होगी। इस बैठक में बताया जाता है कि अनुसूचित जनजाति और जनजाति के मामलों को लेकर यह महत्वपूर्ण बैठक है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश का पालन इस बैठक में मुख्य सचिव के द्वारा किया जाएगा। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी की बैठक बहुत महत्वपूर्ण बताई जा रही है। इसमें पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ साथ बिहार के सभी जिले के सभी जिला अधिकारी भी इस बैठक में ऑनलाइन मौजूद रहेंगे। मंगलवार के दिन दो महत्वपूर्ण बैठक को लेकर आईएएस और आईपीएस महकमें सभी पदाधिकारी बैठक को लेकर चर्चा करते देखे जा रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में वैज्ञानिकों ने फिर नई जानकारी दी

# शनि ग्रह के वलय अपेक्षाकृत युवा है

- इन छल्लों की उम्र चार सौ मिलियन वर्ष होगी
- तेरह वर्षों के आंकड़ों का निरंतर विश्लेषण किया
- ग्रह के ये बाहरी छल्ले भविष्य में गायब भी हो जाएंगे

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** शनि ग्रह का भारतीय ज्योतिष में दूसरा महत्व है। लेकिन अंतरिक्ष विज्ञान में शनि ग्रह का दूसरा स्थान है। खगोल विज्ञान के लिहाज से यह सूर्य से छठा ग्रह है, जो एक जटिल चमकदार वलय प्रणाली के लिए चर्चित है। यह हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है और 96 प्रतिशत ग्रह हल्के हाइड्रोजन से बना है, शनि सौर मंडल का सबसे कम घना ग्रह भी है।

ग्रह का पीला वातावरण जटिल लेकिन आमतौर पर फीके दिखने वाले बैंड से बना है। कभी-कभी, अंडाकार आकार के तूफान शनि के वायुमंडल में फैल जाते हैं। शनि के पास पृथ्वी के बराबर शक्ति वाला एक चुंबकमंडल है, जो बाहरी वातावरण में लहरें पैदा कर सकता है।

शनि को एक गैस विशाल के रूप में वर्गीकृत किया गया है और माना जाता है कि इसमें एक चट्टानी कोर (11,700 डिग्री सेल्सियस या 21,100 डिग्री फारेनहाइट के चिलचिलाती तापमान के साथ) धातु हाइड्रोजन, तरल हाइड्रोजन और हीलियम की एक मध्यवर्ती परत और एक गैसीय बाहरी वातावरण है। शनि लगभग 10.5 घंटे में अपनी धुरी के चारों ओर एक बार

» पेज 2 भी देखें

## म्यांमार में चक्रवात मोचा से पांच लोगों की मौत

**यांगून :** म्यांमार में शक्तिशाली चक्रवातीय तूफान मोचा की चपेट में आकर पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग ने बताया कि शक्तिशाली चक्रवाती तूफान मोचा अब बंगाल की खाड़ी से टकराने के बाद देश के आंतरिक हिस्सो की ओर बढ़ रहा है। चक्रवात के कारण रखाइन राज्य, शान राज्य, मांडले शहर में पांच लोगों की मौत हो गई, कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमें चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चलाने वाली स्थानीय बचाव टीमों के साथ सहयोग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि रखाइन राज्य और इसके नजदीकी क्षेत्रों, राज्यों में शनिवार को 10 आपातकालीन बचाव दलों, भोजन, पानी और बचाव उपकरण ले जाने वाले 112 वाहनों को तैनात किया।

हथियारों का जखीरा देखकर हैरान हो गये अधिकारी भी

## आम माफी योजना में आधुनिक हथियारों का पहाड़



- लोगों ने भी हथियार होने का खतरा समझा

**राष्ट्रीय खबर**

**बेलग्रेड, सर्बियाः** सर्बिया में अधिकारियों ने रविवार को एंटी-टैंक रॉकेट लॉन्चर सहित हजारों हथियारों से बंदूकें और हथगोले के कार्टन के ढेर प्रदर्शित किए। यह बताया गया कि सरकार द्वारा आम माफी की योजना लागू किये जाने के बाद लोगों ने यह हथियार जमा कराये हैं।

सरकार ने इस महीने दो दिनों में दो गोलीबारी

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### बुजुर्गों का सम्मान हमारी सभ्यता : बिना

रांची: मारवाड़ी युवा मंच जागृति महिला शाखा के द्वारा मातृ दिवस के पूर्व संध्या पर निवारनपुर स्थित कुष्ठ कॉलोनी की बुजुर्ग महिलाओं के बीच नाइटी का वितरण किया। इस गर्मी को देखते हुए कॉटन की हल्की अच्छी क्वालिटी की नाइटी का वितरण लगभग डेढ़ सौ महिलाओं के बीच किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच की अध्यक्ष बिना शारदा ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान, महिलाओं का सम्मान कि हमारे देश की सभ्यता है और इसे आगे बढ़ाना है लोगों को बताना है। इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मंच की सचिव निर्मला अग्रवाल ने सभी सदस्य को कार्यक्रम की सफलता हेतु धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच की पूर्व अध्यक्ष उर्मिला मोटानी, मधु पिलानिया , अध्यक्ष बिना शारदा ,सचिव निर्मल अग्रवाल,प्रमिला सराफ, सरोज सुलतानिया, ज्योति अग्रवाल, अनीता अग्रवाल ,वैष्णवी बंसल ,रीना अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी।

**हाईकोर्ट** झारखंड में कब तक खाली रहेगा नेता प्रतिपक्ष का पद, नियुक्ति के लिए

# स्पीकर और हाईकोर्ट के अधिकार पर सुनवाई आज

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** पूरे देश में झारखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जहां की विधानसभा बिना नेता प्रतिपक्ष के संचालित हो रही है। नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त होने की वजह से कई संवैधानिक संस्थाओं में चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। पिछले साढ़े तीन वर्षों से नेता प्रतिपक्ष का मामला कानूनी दांव पेंच में उलझा पड़ा है। अब यह मामला एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहां यह तय होना है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति पर सिर्फ स्पीकर का अधिकार है या हाईकोर्ट भी कोई निर्णय ले सकता है। इस बिंदु पर कल यानी 16 मई को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली है।

इस मामले में तब नया मोड़ आ गया जब एडवोकेट एसोसिएशन की याचिका पर 5 मई को हाईकोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने विपक्षी दल के नेता पर एक सप्ताह के भीतर फैसला लेने का आदेश देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो विधानसभा के सचिव को आकर जवाब देना होगा।दरअसल, इसपर 11 मई को विधानसभा के सचिव सैयद जावेद हैदर एफिडेविट के मार्फत बता चुके हैं कि दलबदल मामले पर लगातार सुनवाई हुई है और फैसला जल्द लिया जा सकता है। वहीं सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि स्पीकर, भाजपा से दूसरे विधायक का नाम सुझाने की सलाह दे चुके हैं। लेकिन भाजपा ने इसपर कोई जवाब नहीं दिया है। इस गंभीर मसले पर कल यानी 16 मई को दो बिंदुओं पर सुनवाई होगी। पहला बिंदु यह होगा कि क्या हाईकोर्ट स्पीकर को नेता प्रतिपक्ष के लिए नोटिफिकेशन जारी करने का आदेश दे सकता है।दूसरा बिंदु यह होगा कि क्या स्पीकर को यह अधिकार है कि वह मुख्य विपक्षी दल को यह सुझाव दे सके कि वह किसी दूसरे को नेता प्रतिपक्ष नामित करे।

इस मामले में एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष का नोटिफिकेशन जारी करने के लिए हाईकोर्ट को स्पीकर को निर्देशित करना चाहिए। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त होने की वजह से लोकायुक्त और सूचना आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्थाएं डिफंक्ड पड़ी हुई हैं। वहीं सूचना आयुक्त के रिक्त पद को लेकर राजकुमार नामक शख्स की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा पक्ष रख रहे हैं। दूसरी तरफ बाबूलाल मरांडी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन को पक्ष रखना है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ करेगी।भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर दलबदल का मामला दिसंबर 2020 से चल रहा है। पिछले साल यानी अगस्त 2022 को ही स्पीकर के ट्रिब्यूनल में सुनवाई पूरी हो चुकी है।

फैसला सुरक्षित है। पूर्व में दलबदल मामले में स्पीकर ने स्वतः संज्ञान लिया था। इसको हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। इसके बाद प्रदीप यादव, बंधु तिर्की, दीपिका पांडेय, राजकुमार यादव और भूषण तिर्की से दलबदल का आरोप लगाते हुए स्पीकर के ट्रिब्यूनल में शिकायत दर्ज कराई थी। इसपर 10 बिंदुओं पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। लेकिन करीब नौ माह बाद भी फैसला नहीं आने पर मामला हाईकोर्ट में चला गया है।खास बात है कि बाबूलाल मरांडी के खिलाफ शिकायत के बाद जेवीएम से कांग्रेस में गये प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के खिलाफ भी भाजपा की ओर से स्पीकर के ट्रिब्यूनल में दलबदल की शिकायत की गई है। इस मामले में अबतक सुनवाई पूरी नहीं हुई है। इस बीच आय से अधिक संपत्ति मामले में बंधु तिर्की अपनी सदस्यता गंवा चुके हैं। इस बीच दोनों के मामले में 18 मई को स्पीकर के ट्रिब्युनल में सुनवाई की तारीख मुकर्र की गई है।विधानसभा की हर कार्यवाही के दौरान यह बात जोर शोर से उठती है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष का चयन क्यों नहीं हो पा रहा है।

## झारखंड स्टेट बार काउंसिल को मिला 6 माह का अवधि विस्तार

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल (जेएसबीसी) के आग्रह को मानते हुए जेएसबीसी के वर्तमान अवधि को अगले 6 माह के लिए बढ़ाया है। बीसीआई ने एडवोकेट एक्ट 1961 की धारा 8 के तहत यह अवधि विस्तार किया है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल की अवधि इस वर्ष जुलाई के अंतिम सप्ताह में समाप्त हो रही है, जिसे अगले 6 माह के लिए अवधि विस्तार दिया गया है। बता दें कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने अपने पत्र दिनांक 16 मार्च 2023 में बीसीआई से 6 माह का अवधि विस्तार देने का आग्रह किया था। बीसीआई ने अपने 15-16 अप्रैल 2023 की बैठक में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के पत्र को कंसीडर करते हुए एक्सटेंशन दिया है।

मिशन 2024 के लिए चुनावी मोड में आती भाजपा

# कार्यसमिति की बैठक में महासंपर्क अभियान के लिए बनेगी रणनीति

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** प्रदेश भाजपा अब मिशन 2024 के लिए लगातार कमर कसने में लगी है। 16 मई को सरला बिरला स्कूल, महिलोंग में पार्टी कार्यसमिति की बैठक इस लिहाज से महत्वपूर्ण है। जानकारी के मुताबिक स्थापित परंपरा के विपरीत इस बार दो दिवसीय की बजाए कार्यसमिति की एकदिवसीय बैठक ही होगी। प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा इसमें कार्यसमिति के सभी सदस्यों, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सभी मोर्चा और मंच के प्रमुखों के अलावा इसके जिलाध्यक्षों, महामंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। इस लिहाज से करीब 600 पार्टी नेताओं की इसमें भागीदारी दिखेगी। बैठक में 30 मई से 30 जून तक राज्यभर में विशेष तौर पर महासंपर्क अभियान चलाए जाने पर रणनीति बनने की उम्मीद है। इस अभियान के दौरान केंद्र की अहम योजनाओं के प्रचार-प्रसार के अलावे झारखंड सरकार की विफलताओं को भी जोरदार तरीके से जनता के बीच रखे जाने की योजना पर काम होगा।पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश भाजपा महासंपर्क अभियान की सफलता पर गंभीरता से काम करने को तैयार है। पार्टी के स्तर से इस अभियान के दौरान कई तरह के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। छोटी-छोटी गोष्ठियां आयोजित होंगी। प्रबुद्ध जनों से मुलाकात होगी। लाभुक सम्मेलन के अलावे सभी वर्गों के साथ-साथ अलग बैठक होगी। पार्टी उम्मीद कर रही है कि महासंपर्क अभियान के जरिये मिशन 2024 के अभियान को गति देने का काम तेज होगा। आम लोगों से जुड़ाव बढ़ाने और लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पार्टी वर्करों को एक्टिव करने में भी लाभ मिलेगा।

# राज्यपाल से मिले खाद्य आयोग के अध्यक्ष, कामकाज से संबंधित सौंपी रिपोर्ट

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य खाद्य आयोग को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रतिवेदन के जरिए अयोग यह बताए कि राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम को शत प्रतिशत क्रियान्वित करने में राज्य और केंद्र सरकार से कितना और किस प्रकार का सहयोग मिल रहा है। राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलने पहुंचे राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी और सदस्य शबनम परवीन को राज्यपाल ने यह निर्देश दिया गया। राज्यपाल ने आयोग के अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि जरूरत पड़ने पर वे राज्य और केंद्र सरकार से बातचीत कर कमियों को दूर कराने की दिशा में सहयोग करेंगे। मुलाकात के दौरान आयोग के अध्यक्ष और सदस्य ने राज्य खाद्य आयोग द्वारा प्रकाशित और झारखंड विधानसभा में समर्पित वर्ष 2020- 22 का वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल को सौंपा।इस दौरान आयोग के अध्यक्ष ने राज्यपाल को विगत दिनों आयोग के द्वारा किए गए कार्यों और कार्य बल से संबंधित प्रतिवेदन भी समर्पित किया है। मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने आयोग के अध्यक्ष को यह भी निर्देशित किया कि भविष्य में अन्य जिलों में आयोजित होने वाले मुखिया संवाद कार्यक्रम, सुनवाई और जनसुनवाई उन प्रखंडों में रखा जाए, जहां से पीडीएस, आंगनबाड़ी, कुपोषण और मध्याह्न भोजन से संबंधित ज्यादा शिकायतें आ रही हों। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आयोग द्वारा राज्य के नौ जिलों में हुए मुखिया संवाद सुनवाई, जनसुनवाई और स्थल निरीक्षण के कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि मुखिया संवाद कार्यक्रम में वह स्वयं उपस्थित होकर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। इसके लिए जून महीने में साहिबगंज के बोरियो प्रखंड में मुखिया संवाद कार्यक्रम निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर राज्यपाल ने आयोग द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 9142612194 पर शिकायत दर्ज करने की पहल की और आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत प्राप्त करने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई करने जैसे कार्यों की सराहना की।

## जनसेवकों के बढे हुए ग्रेड पे भुगतान की रिकवरी के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने जनसेवक को बढ़े हुए ग्रेड पे के भुगतान की रिकवरी करने के आदेश पर रोक लगा दी है। रवींद्र कुमार बड़ाईक की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया है। जस्टिस डॉ एस एन पाठक की अदालत में मामले पर सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुजित सिंह ने पक्ष रखा। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से पूरे मामले में सरकार से तीन सप्ताह में जवाब भी मांगा है। दरअसल, वर्ष 2012 में 1000 से ज्यादाजनसेवक की नियुक्ति हुई थी। जिन्हें 2400 रुपए ग्रेड पे का भुगतान किया जा रहा था। लेकिन कृषि निदेशक ने एक आदेश जारी कर ग्रेड पे को 2 हजार कर दिया और नियुक्ति की तिथि से अब तक बढ़ी हुई राशि की रिकवरी का आदेश दे दिया। इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

**राजनीति** कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कही ये बात

# 'जो ढोल बजा रहे, अबीर लगा रहे वे यूपी जाए'

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** बीजेपी अभी से ही 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। झारखंड में पिछले चुनाव में जहां भारतीय जनता पार्टी को कम मत मिले थे, वैसे बुथों को अभी से मजबूत किया जा रहा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कर्नाटक चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। कहा कि कांग्रेस को यूपी में अपनी स्थिति देखनी चाहिए। जहां निकाय चुनाव में पार्टी सफाचट हो गई। कहा यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा चुनाव लड़ती है।कर्नाटक चुनाव परिणाम से बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। उम्मीद के ठीक विपरीत आए इस चुनाव परिणाम के बाद अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी की चिंता बढा दी है। शायद यही वजह है कि पार्टी अभी से अपनी कमियों को दूर करने में जुट गई है। इसके तहत लोकसभा चुनाव 2019 के चुनाव परिणाम का अध्ययन कर वैसे बूथों को चिंहित किया गया है, जहां बीजेपी प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंद्वी से पिछड़ गए थे। बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व की देखरेख में हो रही इस आंतरिक सर्वे में रांची लोकसभा क्षेत्र में करीब 100 ऐसे बूथ चिंहित किए गए हैं, जहां बीजेपी प्रत्याशी वोट पाने में पिछड़ गए थे। हालांकि इस सीट से बीजेपी को भले ही जीत मिली, मगर ऐसे 100 बूथ पर पार्टी किन कारणों से पीछे रही इसका आकलन बड़े ही गुप्त रुप से कार्यकताओं के द्वारा कराया जा रहा है। एक एक कार्यकर्ता को पांच से सात बूथ दिए गए हैं, जहां पर जाकर कारण सहित उन्हें लिखित में जवाब देना है। कमजोर बूथ को मजबूत करने के उद्देश्य से बीजेपी कमर कस चुकी है। आकलन के तहत उस बूथ के नजदीक रहनेवाले भाजपा विरोधी नेताओं के नाम और नंबर भी कार्यकर्ता सर्वे रिपोर्ट में लिख रहे हैं। इसके अलावे कमजोर बूथों को तीन श्रेणी में बांटकर इसका आकलन किया जा रहा है। पहला नंबर पर वैसे बूथ है जिसपर बीजेपी 2019 के चुनाव में महज 30 वोट से पिछड़ गई थी। दूसरा नंबर पर 120 वोट से पिछड़ने वाली और तीसरे नंबर पर 300 वोटों से पिछड़ने वाले बूथ है। इन बूथों पर बीजेपी हार के कारण, स्थानीय मुद्दा, सामाजिक और जातीय समीकरण और महिला पुरुष मतदाताओं की संख्या का आकलन कार्यकर्ता करेंगे। जानकारी के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव के दरम्यान कांटाटोली बस पड़ाव के नजदीक स्थित एक मतदान केन्द्र पर वोट काफी कम पड़े थे। इसी तरह हिंदपीढ़ी, धुर्वा, हटिया, सिल्ली, ईचागढ़ के कुछ मतदान केन्द्र पर भाजपा को कम वोट मिला था। जब ईटीवी भारत ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश से इस संदर्भ में पूछा तो उन्होंने भी इसे स्वीकारते हुए कहा कि पार्टी अपनी कमियों को इसके जरिए जानने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम का कोई खास प्रभाव नहीं पड़नेवाला है। भाजपा कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ अगले साल चुनाव मैदान में उतरेंगे। आज जो जश्न मना रहे हैं उन्हें उत्तर प्रदेश जाना चाहिए जहां के निकाय चुनाव में कांग्रेस की अर्थी निकल गई है।

## पेज एक का शेष

### अयोध्या में सुलतान की .. ..

सुलतान ने कहा, मैं इस वार्ड का रहने वाला हूं। जहां तक मुझे पता है, मेरे पूर्वज यहां पिछले 200 सालों से रह रहे हैं। जब मैंने पहली बार अपने हिंदू मित्रों को चुनाव लड़ने के अपने इरादे के बारे में बताया, तो उन्होंने सर्वसम्मति से मेरा समर्थन किया। उन्होंने मेरे लिए काम किया। उस वार्ड के रहने वाले अनूप कुमार कहते हैं, लोग अयोध्या को बाहर से देखते हैं और सोचते हैं कि यहां मुसलमान कैसे रहते हैं।
लेकिन अब देखिए, मुस्लिम रह ही नहीं रहे, अयोध्या में जीत भी रहे हैं। उस वार्ड के निवासी पेशे से व्यवसायी सौरभ सिंह कहते हैं, अयोध्या राम मंदिर के लिए तो पूरी दुनिया में मशहूर है, लेकिन यहां मुसलमानों के लिए एक पवित्र स्थान भी है। हमें उस परंपरा को आगे बढ़ाना है।

### तेलंगाना में आएगा .. .. ..

और चाँद मौजूद है।मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, हम असम में लव जिहाद को रोकने के लिए काम कर रहे हैं। असम के सीएम ने यह भी कहा कि हम असम में मदरसों को बंद करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। मेरे सीएम बनने के बाद मैंने असम में 600 मदरसों को बंद कर दिया। मैं ओवैसी को बताना चाहता हूं कि मैं इस साल 300 और मदरसों को बंद कर दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि तेलंगाना को राम राज्य बनाने का समय आ गया है।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, तेलंगाना को एक नई हिंदू सभ्यता पर आधारित राम राज्य बनाने का समय आ गया है।

### शनि ग्रह के वलय .. ..

घूमता है। शनि 29.5 पृथ्वी वर्षों में सूर्य के चारों ओर एक बार परिक्रमा करता है और पृथ्वी के द्रव्यमान का 95 गुना पर सौर मंडल का दूसरा सबसे विशाल ग्रह है। इस ग्रह के सबसे रोचक हिस्सा उसके रंग बिरंगे वलय ही हैं। उन्हीं के बारे में शोधकताओं ने नई जानकारी दी है।
कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय में भौतिक विज्ञानी साशा केम्फ के नेतृत्व में एक नए अध्ययन ने अभी तक सबसे मजबूत सबूत दिया है कि शनि के छल्ले उल्लेखनीय रूप से युवा हैं। यानी पहले इनकी आयु के बारे में जो परिकल्पना थी, वह नये शोध में गलत साबित हो रही है। साइंस एडवांसेज पत्रिका में 12 मई को प्रकाशित होने वाला शोध, शनि के छल्लों की आयु 400 मिलियन वर्ष से अधिक नहीं होने का अनुमान लगाता है।
यह वलय को शनि से बहुत छोटा बनाता है, जो लगभग 4.5 अरब वर्ष पुराना है। सीयू बोल्डर में सहयोगी प्रोफेसर केम्फ ने कहा, एक तरह से, हम जेम्स क्लर्क मैक्सवेल के साथ शुरू हुए एक प्रश्न पर बंद हो गए हैं। केम्फ ने समझाया कि चट्टानी सामग्री के छोटे कण लगभग निरंतर आधार पर पृथ्वी के सौर मंडल से गुजरते हैं।
कुछ मामलों में, यह प्रवाह ग्रहों के पिंडों पर धूल की एक पतली परत छोड़ सकता है, जिसमें शनि के छल्लों को बनाने वाली बर्फ भी शामिल है। नए अध्ययन में, उन्होंने और उनके सहयोगियों ने शनि के छल्लों पर एक तिथि निर्धारित करने के लिए यह अध्ययन किया कि धूल की यह परत कितनी तेजी से बनती है - अपनी सतहों पर अपनी उंगली चलाकर यह बताना कि घर कितना पुराना है। वह कहते हैं कि हम अपने घर में कालीन की तरह के छल्ले के बारे में सोचें। यदि आपने एक साफ कालीन बिछाया है, तो आपको बस इंतजार करना होगा। आपके कालीन पर धूल जम जाएगी। अंगूठियों के लिए भी यही सच है।
2004 से 2017 तक, टीम ने शनि के चारों ओर उड़ने वाली धूल के कणों का विश्लेषण करने के लिए नासा के नष्ट हो चुके कैसिनी अंतरिक्ष यान पर कॉस्मिक डस्ट एनालाइजर नामक एक उपकरण का उपयोग किया। उन 13 वर्षों में, शोधकताओं ने केवल 163 नमूने एकत्र किए जो कि ग्रह के निकट पड़ोस से उत्पन्न हुए थे। लेकिन यह काफी था। उनकी गणना के आधार पर, शनि के छल्ले केवल कुछ सौ मिलियन वर्षों से ही धूल जमा कर रहे हैं।
400 से अधिक वर्षों से शोधकताओं को इन प्रतीत होने वाले पारभासी छल्लों द्वारा मोहित किया गया है। 1610 में, इतालवी खगोलशास्त्री गैलीलियो गैलीली ने पहली बार एक दूरबीन के माध्यम से सुविधाओं का अवलोकन किया, हालाँकि उन्हें नहीं पता था कि वे क्या थे। (गैलीलियो के मूल चित्र रिंगों को पानी के जग पर हैंडल की तरह दिखते हैं)। 1800 के दशक में, स्कॉटलैंड के एक वैज्ञानिक मैक्सवेल ने निष्कर्ष निकाला कि शनि के वलय ठोस नहीं हो सकते हैं, बल्कि वे कई अलग-अलग टुकड़ों से बने हैं।
आज, वैज्ञानिक जानते हैं कि शनि सात छल्ले रखता है जिसमें बर्फ के अनगिनत टुकड़े होते हैं, जो पृथ्वी पर एक बोल्डर से बड़ा नहीं है। कुल मिलाकर, इस बर्फ का वजन शनि के चंद्रमा मीमास से लगभग आधा है और यह ग्रह की सतह से लगभग 175,000 मील तक फैला है।
केम्फ ने कहा कि 20वीं शताब्दी के अधिकांश समय में, वैज्ञानिकों ने यह मान लिया था कि वलय संभवतः शनि के समय ही बने थे। इस बार के वैज्ञानिक शोध ने उस धारणा को गलत प्रमाणित किया है। पिछले अध्ययन में, नासा के वैज्ञानिकों ने बताया कि बर्फ धीरे-धीरे ग्रह पर बरस रही है और अगले 100 मिलियन वर्षों में पूरी तरह से गायब हो सकती है।

### आम माफी योजना में .. ..

के बाद बंदूकों पर कार्रवाई के तहत नागरिकों को अपंजीकृत हथियारों को आत्मसमर्पण करने के लिए एक महीने की माफी की अवधि घोषित की, जिसमें 17 लोग मारे गए, जिनमें से कई बच्चे थे। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक की सरकार ने बेलग्रेड स्कूल और दो गांवों में अलग-अलग गोलीबारी के मद्देनजर जनता के दबाव का सामना किया है।
जिसके बाद हथियार जमा कराने का यह अभियान चलाया गया था। हथियारों के इस ढेर को स्मेदेरेवो शहर के पास प्रदर्शित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि 8 मई को एमनेस्टी खुलने के बाद से निवासियों ने लगभग 13,500 हथियार जमा किये हैं।
घटनास्थल की तस्वीरों में राइफलों, स्वचालित हथियारों और पिस्तौलों को एक गोदाम में फर्श पर बड़े करीने से हैंड ग्रेनेड से भरे लकड़ी के बक्से के साथ दिखाया गया है। सर्बिया के पास बाल्कन में 1990 के युद्ध के युद्धक्षेत्र से लाए गए हजारों हथियार हैं। अतीत में इसी तरह के शस्त्र क्षमादान केवल सीमित सफलता के साथ आयोजित किए गए थे।
वुसिक ने कहा कि पिछले सप्ताह से एकत्र किए गए लगभग आधे हथियार अवैध रूप से रखे गए थे, जबकि अन्य आधे पंजीकृत हथियार थे जिन्हें नागरिकों ने छोड़ने का फैसला किया। राष्ट्रपति ने कहा कि छोड़े गए हथियार देश के सशस्त्र बलों द्वारा संभावित उपयोग के लिए सर्बियाई हथियारों और गोला-बारूद के कारखानों में जाएंगे।
अधिकारियों ने कहा है कि माफी की अवधि समाप्त होने के बाद अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए लोगों को दोषी पाए जाने पर 15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। वुसिक ने कहा कि 8 जून के बाद, राज्य दमनकारी उपायों के साथ जवाब देगा और दंड बहुत सख्त होगा। किसी को स्वचालित हथियार की क्या आवश्यकता है? प्रति व्यक्ति पंजीकृत हथियारों में सर्बिया को यूरोप के शीर्ष देशों में से एक माना जाता है, और कई अन्य अवैध रूप से जुटाये जाते हैं।
गत 3 मई को एक 13 वर्षीय लड़के ने केंद्रीय बेलग्रेड के एक प्राथमिक विद्यालय में अपने पिता की बंदूक ले ली और अपने साथी छात्रों पर गोलियां चला दीं, जिसके बाद अधिकारियों ने बंदूक की कार्रवाई शुरू की। एक दिन बाद, एक 20 वर्षीय व्यक्ति ने बेलग्रेड के दक्षिण में एक ग्रामीण इलाके में बेतरतीब ढंग से गोली मारने के लिए एक स्वचालित हथियार का इस्तेमाल किया।
वुसिक द्वारा घोषित अन्य बंदूक विरोधी उपायों में बंदूक मालिकों और शूटिंग रेंज का सख्त नियंत्रण शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बंदूक मालिकों के पास एक कोडेड तिजोरी होनी चाहिए जिसमें वे अपने पंजीकृत हथियारों को स्टोर कर सकें और किसी भी बंदूक को ठीक से नहीं रखने पर जब्त कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने पंजीकृत पतों के निरीक्षण का आदेश देने की योजना बनाई है। पुलिस ने कहा कि पिछले संग्रह के कुछ प्रयासों के दौरान, लोगों ने अपने हथियारों को थानों में लाने के बजाय कचरे के कंटेनरों में फेंक दिया या उन्हें लावारिस छोड़ दिया।

**शहर >> अपडेट**

## झारखंड ओवर ऑल चैंपियन

रांची: सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड की मेजबानी में एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में रांची में आयोजित ऑल इंडिया ओपन इन्विटेशनल कराटे चैंपियनशिप के दूसरे दिन झारखंड के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। अपने पहले स्थान को बरकरार रखते हुए 22 स्वर्ण, 30 रजत और 49 कांस्य पदक के साथ वह ओवरऑल चैंपियन बना। 5 स्वर्ण, 8 रजत और 8 कांस्य पदक के साथ ओड़िशा की टीम दूसरे स्थान पर और तीसरे स्थान पर बंगाल तथा चौथे स्थान पर मध्य प्रदेश की टीम रही। अनुशासित टीम का खिताब बंगाल की टीम को मिला।सभी विजेता खिलाड़ियों को समापन समारोह में रांची नगर निगम के पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शाहदेव, कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगरा ने सम्मानित किया।

**आत्मनिर्भर** राज्य में वित्तीय वर्ष 2022-23 करीब 23 हजार टन अधिक मछली का उत्पादन

# बायोफ्लॉक तकनीक की मदद से मछली उत्पादन कर युवा लिख रहे हैं आत्मनिर्भरता की कहानी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर संक्रमण काल में प्रारंभ की गई योजनाएं अब सुखद परिणाम सामने लेकर आ रही हैं। इससे एक ओर जहां पलायन कम हुआ है, वहीं युवा मछली पालन कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। यही वजह है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2022-23 करीब 23 हजार टन अधिक मछली का उत्पादन हुआ। साथ ही, मछली उत्पादन के कारोबार से 1।65 लाख किसान एवं मत्स्य पालक जुड़े।संक्रमण काल के दौरान प्रारंभ की गई अधिसूचित योजनाओं का लाभ लाभुकों को देने में चाईबासा जिला प्रशासन आगे रहा। यहां के युवाओं ने भी आगे बढ़कर योजनाओं का लाभ लिया। यहां के युवाओं ने बायोफ्लॉक तकनीक की मदद से जमीन के छोटे भू-भाग पर कम पानी और औसत लागत के बाद कोमोनकार, मोनोसेल्स, तेलपियी जैसी प्रजाति की मछली का पालन कर प्रति टैंक 4-5 क्विंटल उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। पूर्व में बेरोजगारी की वजह से पलायन की मंशा रखने वाले यहां के युवाओं को जिला मत्स्य कार्यालय के तत्वावधान में कोविड-19 आपदा के दौरान अधिसूचित योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत अनुदान पर संचालित तकनीक से प्रोत्साहित कर लाभान्वित किया गया, परिणाम स्वरूप आज सभी अपने क्षेत्र में रहकर बेहतर जीवकोपार्जन कर रहे हैं।ऐसा नहीं कि चाईबासा में सरकार सिर्फ बायोफ्लॉक विधि से मछली उत्पादन को प्राथमिकता दे रही है।

यहां के 6 जलाशय और 2 खदान तालाब में भी मछली पालन कर लोग स्वावलंबी बन रहे हैं। इन जलाशयों में सिर्फ मछली पालन ही नहीं होता अपितु पर्यटन के दृष्टिकोण से मोटर बोट / पेडल बोट मत्स्य जीवी समितियों को दिया गया, ताकि वे केज पद्धति के साथ-साथ पर्यटन से भी अच्छी आमदनी अर्जित कर सकें। जिले के सदर प्रखंड में मोदी जलाशय, चक्रधरपुर प्रखंड में जैनासाई जलाशय, बंदगांव प्रखंड में नकटी जलाशय, सोनुआ प्रखंड में पनसुआ जलाशय, मँझगांव प्रखंड में बेलमा जलाशय, मंझारी प्रखंड में तोरलो जलाशय समेत अन्य जलाशयों में अब स्थानीय लोगों को मछली पालन और पर्यटन से जोड़ा गया है, जो उनकी नियमित आमदनी का जरिया बन गया है।मछली उत्पादन की आधुनिक विधि और किसान समेत मत्स्य पालकों को नियमित रूप से मिल रहे प्रोत्साहन और नियमित प्रशिक्षण का प्रभाव है कि युवा इस ओर अपनी रुचि दिखा रहें हैं। मछली उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सरकार की ओर से पहले की तुलना में किसानों को जरूरत के मुताबिक संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बायोफ्लॉक से मछली पालन, सतत आय के लिए जलाशयों में केज कल्चर से मछली पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**न्यूज फटाफट**

## आदिवासी परंपरा के अनुसार मसना में हुआ डॉ करमा उरांव का अंतिम संस्कार



रांची: झारखंड के प्रमुख शिक्षाविद् एवं आदिवासी नेता डॉ करमा उरांव के पार्थिव शरीर का सोमवार को आदिवासी परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोरहाबादी स्थित एदलहातू मसना में हुए अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूत के रूप में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी कौशल किशोर पहुंचे। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व मंत्री और कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, अजय नाथ शाहदेव, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, देवकुमार धान, सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा समेत शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री का रांची से बाहर होने के कारण सीएम के दूत के रूप में उपायुक्त एवं एसएसपी ने उनके आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना में कहा है कि महान शिक्षाविद तथा आदिवासी उत्थान के प्रति हमेशा सजग रहने और चिंतन करने वाले डॉ करमा उरांव जी के निधन का दु:खद समाचार मिला। डॉ करमा उरांव से कई विषयों पर मार्गदर्शन मिलता था। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।डॉ करमा उरांव के पुत्र डॉ धर्मेश उरांव, दामाद सन्नी उरांव व अन्य परिजन समेत पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, बबलू मुंडा, प्रेम शाही मुंडा, डॉ हरि उरांव, प्रेमशाही मुंडा, निरंजन हेरेंज, लक्ष्मी नारायण मुंडा, शिवा कच्छप, कुंदरसी मुंडा, रवि तिग्गा, प्रो हरि उरांव, नारायण उरांव, एस अली, झामुमो नेता अंतु तिर्की व रांची विश्वविद्यालय के कई शिक्षाविद शामिल हुए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना मदर्स डे



रांची :सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मदर्स डे बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विशेष सभा का आयोजन किया। उन्होंने एक छोटी सी प्रस्तुति के माध्यम से यह दिखाने की कोशिश की कि कैसे एक मां अपने बच्चों को सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर देती है।इस मौके पर बच्चों ने मां से संबंधित गीत भी प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपनी मां को उपहार में देने के लिए ह्यधन्यवाद कार्डह्व भी बनाए। छात्र-छात्राओं ने घर पर अपनी मां के साथ बिताए अनमोल पलों की तस्वीरें एसबीपीएस परिवार के साथ साझा कीं।इस मौके पर विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों का चहुंमुखी विकास करना है, और इस तरह की गतिविधि एक मां और बच्चे के बीच भावनात्मक संबंध को और अधिक मजबूत कर मां का सम्मान करना सिखाती है।

## 31 जुलाई तक वाटर मीटर नहीं लगवाया तो देना होगा फाइन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** रांची में रहने वाले ऐसे भवन मालिक जिन्होंने वाटर कनेक्शन तो ले लिया है, लेकिन मीटर नहीं लगा रखा है,उन्हें निगम की ओर से अंतिम चेतावनी दी गई है। अपर नगर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने भवन मालिकों से कहा है कि वे स्वेच्छा से 31 जुलाई तक अपने घर में वाटर मीटर लगा लें। ऐसा नहीं करने पर वाटर कनेक्शन को अवैध घोषित करते हुए जुमार्ना वसूला जाएगा।31 जुलाई तक हर उपभोक्ता को कंज्यूमर नंबर के साथ मीटर का फोटो व्हाट्सएप नंबर 6206799753 पर भेजना होगा। इसके बाद बिल वाटर मीटर के आधार पर ही जेनरेट किया जाएगा।रांची नगर निगम क्षेत्र में 21 हजार मकान ऐसे हैं, जिन्होंने निगम से वैध वाटर कनेक्शन तो लिया है, लेकिन उनके घर पर वाटर मीटर नहीं लगा है। ऐसे लोग एवरेज बिलिंग के नाम पर हर माह पानी के बिल का भुगतान करते हैं। इस वजह से नगर निगम को पता लगाने में कठिनाई होती है कि आखिर इन लाभुकों द्वारा कितनी पानी की खपत प्रतिमाह की जा रही है। इसे देखते हुए सभी वाटर कनेक्शनधारियों को मीटर लगाने का आदेश जारी किया गया है।

16 जलापूर्ति और 45 तालाबों के जीर्णोद्धार की योजना स्वीकृत

# झारखंड में 20 माह में एक भी जलापूर्ति योजना नहीं हुई शुरू

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** हर घर में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 1 अक्टूबर 2021 को अमृत मिशन 2.0 की शुरूआत की थी। झारखंड के भी 7 शहरों (रांची, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, चास, देवघर, आदित्यपुर) को इस मिशन में जोड़ा गया है। लेकिन 20 महीने बाद भी झारखंड में अमृत 2.0 पूरी तरह धरातल पर नहीं उतर सका है। भारत सरकार ने अमृत 2.0 से झारखंड में 16 जलापूर्ति और 45 तालाबों के जीर्णोद्धार की योजना स्वीकृत की है। इसकी कुल लागत 1428.06 लाख रुपये है। तालाब जीर्णोद्धार की 30 योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। दो बड़ी जलापूर्ति योजना का भी टेंडर हो चुका है, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। वहीं अभी भी अधिकांश योजनाओं का डीपीआर फाइनल नहीं हो सका है। अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत जलापूर्ति और अन्य योजनाओं के लिए नगर निकायों को कई विभागों से एनओसी लेना है। एनएचएआई और पथ निर्माण के अलावा कई जगहों पर डीवीसी से भी एनओसी लेना है। इनसे एनओसी मिलने में हो रही देरी के कारण डीपीआर फाइनल नहीं हो पा रहा है। विभाग का कहना है कि बिना एनओसी लिए डीपीआर केंद्र सरकार को भेजने के बाद वह स्वीकृत तो हो जायेगा, लेकिन बाद में एनओसी नहीं मिलने से योजना लटक जायेगी। इसलिए सारी अड़चनें दूर करने के बाद डीपीआर भेजा जा रहा है।अमृत 2।0 के तहत राज्य में दो बड़ी जलापूर्ति योजनाएं ली गयी है। रामगढ़ और सिमडेगा शहर में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति किया जाना है। पतरातू डैम से पानी लाकर रामगढ़ के 46000 घरों में पहुंचाना है। इसका डीपीआर तैयार हो चुका है। इसमें करीब 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका टेंडर निकल चुका है।सिमडेगा शहर को कांसजोर डैम से पानी देने की योजना है। 106 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट है। इससे 42000 हाउसहोल्ड को पानी दिया जायेगा। जुडको ने इसका टेंडर निकाला था।

## 19 को परीक्षा नहीं, आवेदन की अंतिम तिथि होगी

रांची :झारखंड में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के उद्घाटन बाद कई उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 (इंग्लिश मीडियम के सरकारी स्कूल) के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके लिए निशुल्क आवेदन फॉर्म दिए जा रहे थे। जिसकी अंतिम तिथि 15 मई तय की गई थी। लेकिन अब विद्यालयों से नि:शुल्क आवेदन फॉर्म लेने की तिथि को फिर से बढ़ा दी गई है। 19 मई को परीक्षा की तिथि तय थी लेकिन इस तारीख तक फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा को लेकर नयी तिथि की घोषणा फिलहाल नहीं की गयी है। बता दें कि इन स्कूलों में नामांकन मेरिट के आधार पर होगा।जानकारी के मुताबिक सीबीएसई (सीबीएसई बोर्ड) से संबद्धता प्राप्त राज्य के सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में नि:शुल्क पढ़ाई होगी और इसके लिए अभिभावकों को फीस का भुगतान भी नहीं करना पड़ेगा। साथ ही इच्छुक अभिभावक संबंधित विद्यालय में संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर पाएंगे।

## पीएम आवास ग्रामीण: ट्रेनिंग में फेल हुए राजमिस्त्रियों के लिए जल्द निर्देश जारी करेगा विभाग

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण निर्माण के लिए ट्रेनिंग में फेल, ड्रापआउट ग्रामीण राजमिस्त्रियों के पूर्नमूल्यांकन पर विचार किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग ऐसे सारे फेल मिस्त्रियों के बारे में जल्द विचार-विमर्श के बाद अलग से निर्णय लेकर आदेश जारी करेगा। इनमें वैसे प्रशिक्षुओं भी शामिल हैं जिनका प्रशिक्षण 2016-19 के बीच किया गया था और वे बड़े संख्या में फेल हुए। वहीं, विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के विरूद्ध बड़ी संख्या में प्रशिक्षु फेल हुए। पूरे मामले पर सभी जिलों से विभाग के समक्ष के बात उठायी गयी थी कि ऐसे ट्रेनी का क्या करना है। यह विचार भी चल रहा है कि फिर से प्रशिक्षण दिलाकर इन्हें पीएम आवास के काम में लगाया जाये। बता दें कि, भारत सरकार के निर्देश पर झारखंड में राजमिस्त्रियों की ट्रेनिंग चल रही है। प्रशिक्षण देकर इन्हें पीएम आवास के निर्माण में लगाना है ताकि लाभुकों का आवास समय पर बन जाये। एक लाख से अधिक पेंडिंग आवास का निर्माण भी तेजी से किया जाना है। ट्रेनिंग के दौरान इन्हें भत्ता भी दिया जा रहा है। विगत वित्तीय वर्ष 20 हजार राजमिस्त्रियों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया था। इनमें सभी का प्रशिक्षा प्रारंभ हुआ। एसेसमेंट 9082 का हुआ जिसमें 5423 पास हुए। वहीं 407 राजमिस्त्री फेल हो गये। अब विभाग ऐसे सभी प्रशिक्षुओं के लिए अलग से निर्णय लेकर आदेश जारी करेगा।

## तीनों ही संकायों में प्रथम तीन स्थान लाने वाले छात्रों/छात्राएं होगें सम्मानित :चावला

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**लाला लाजपत राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल,पुंदाग के 12 वीं कक्षा में तीनों ही संकायों में प्रथम तीन स्थान लाने वाले छात्रों/छात्राओं को सम्मानित करेगा। सम्मान समारोह ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आयोजित किया जाएगा। ये निर्णय पंजाबी हिंदू बिरादरी की पंजाबी भवन में संपन्न बैठक में लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने तालियां बजाकर इनके उत्कृष्ट सफलता पर इनको बधाई दी गई।

ये जानकारी देते हुए बिरादरी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने बताया कि अध्यक्ष राजेश खन्ना की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में बिरादरी की वार्षिक आम सभा एवं अध्यक्षीय चुनाव अगले महीने 18 जून को किया जाएगा।इस चुनाव के प्रभारी मुकुल तनेजा और सह-प्रभारी अरुण चावला को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।बैठक में दोनों ही विद्यालयों के बारे में तथा बिरादरी की अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।अध्यक्ष राजेश खन्ना,सुधीर उग्गल, रणदीप आनंद,अशोक माकन,विनोद माकन,अरुण चावला,मुकुल तनेजा,गुलशन लाल अजमानी,राजेश मेहरा, अनुप वाधवा,चरणजीत मुंजाल,मदन सेन कुजारा, नरेंद्र तनेजा,सौरव खन्ना,आदित्य मल्होत्रा,शिव कुमार स्यालश्काकाश,आरके जुल्का, विजय अरोड़ा,तनिष्क भाटिया आदि मौजूद थे।

## अभियान के दूसरे चरण में 80 सकोरा व दाना का वितरण

रांची: पिस्कामोड़ स्थित गुरुकृपा पब्लिक स्कूल दयाल नगर में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा की ओर से सोमवार को पंछी को दाना- पंछी को पानी जनजागरूकता अभियान का दूसरा चरण चलाया गया। इस मौके पर गुरुकृपा पब्लिक स्कूल के बच्चों के बीच 80 सकोरा (मिट्टी की कटोरी) और दाना का वितरण किया गया। कहा गया कि भीषण गर्मी में नदी, नाला, तालाब सभी सूख गये हैं। जिसके कारण पक्षियों को पानी पीने के लिए इधर- उधर न भटकना पड़े, इसके लिए स्कूल के बच्चों के बीच मिट्टी का बर्तन एवं दाना बांटा गया।श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा की ओर से विभिन्न स्कूलों में सकोरा का वितरण किया जा रहा है। अब तक 280 सकोरा और दाना बांटा जा चुका है। इस बीच छात्रों से कहा गया कि अपने घरों की छत एवं आंगन में पानी भर कर रखें और साथ ही पक्षियों के खाने के लिए दाना भी रखें। कार्यक्रम में गुरुकृपा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रत्नेश सिंह , राधेश्याम सिंह, नवल किशोर सिंह, समरेन्द्र सिंह, श्रवण शर्मा, गौरीशंकर षाड़ंगी, विक्रांत सिंह, कीर्तिमान नाथ शाहदेव, द्वैदनाथ शाहदेव, सागर सिंह, अशोक प्रियदर्शी, यदुनाथ शाहदेव आदि सम्मलित हुए।

**प्रस्ताव** आयुष मंत्रालय को झारखंड सरकार ने दिया

# नेतरहाट और पतरातू में योग व आयुष केंद्र खोलने का प्रस्ताव

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**झारखंड की ओर से केंद्र को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट और पतरातू में योग तथा आयुष सेंटर खोलने में मदद मांगी है। इसके लिए सोमवरा को आयुष मंत्रालय (केंद्र सरकार) के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में झारखंड की ओर से अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह (अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग) ने इससे संबंधित प्रस्ताव भी दिया। मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा की अध्यक्षता में झारखण्ड राज्य के वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्ययोजना की स्वीकृति के संबंध में आहुत इस बैठक में कई अहम बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान झारखण्ड आयुष हेतु कुल 159।.36 करोड़ की राशि की कुल चार नई योजनाओं सहित 18 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। विगत वर्ष (2022) भी भारत सरकार के द्वारा 50 शय्यायुक्त आयुष धन्वंतरि अस्पताल, राँची एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के लिए स्वीकृत हुए थे। 10 शय्यायुक्त पांच आयुष धन्वंतरि अस्पताल गुमला, पलामू, देवघर, दुमका एवं बोकारो जिले के लिए भी स्वीकृति हुई।

मंत्रालय के मुताबिक उसका यह लक्ष्य है कि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक आयुष चिकित्सा पहुँचाई जाए। इसके लिए कुल 745 आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोलने का लक्ष्य है। इसके विरूद्ध 550 आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोले जा चुके हैं। शेष आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सिंतबर, 2023 तक खोले जाएंगे। अबतक भारत सरकार द्वारा झारखण्ड को कुल 185।38 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इसमें से 141।17 करोड़ की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। आरसीएच सभागार, नामकुम, राँची में हुई बैठक के दौरान अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ भुवनेश प्रताप सिंह, आयुष के परियोजना समन्वयक राजीव कुमार तथा आयुष निदेशक डॉ फजलुस समी भी उपस्थित थे।

## थ्रोबॉल टीम ने जीता कांस्य पदक

रांची :12 मई से ऊना (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित 33वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालक टीम (जूनियर) कांस्य पदक विजेता बनी। बालक टीम ने अपने लीग चरण के मैचों में बिहार को 25-03, 25-04, मध्य प्रदेश को 25-08, 25-18 एवं तमिलनाडू को 25-23, 25-14 एवं ओड़िशा को 25-03, 25-05 से हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। प्री क्वार्टरफाइनल में झारखंड ने तीन सेटों तक खींचे कड़े मुकाबले में गोल्डन प्वाइंट के जरिए चंडीगढ़ को क्रमश: 25-23, 13-25, 27-26 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। क्वार्टर फाइनल में उसका मुकाबला मुंबई से हुआ। इसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले में पिछले कई वर्षों से विनर बनती रही हरियाणा टीम से झारखंड की टीम 12-25, 17-25 से हार गयी।

## राजभवन के सामने होमगार्ड जवानों का प्रदर्शन

रांची :पुलिसकर्मियों की तरह वेतन-भत्ता समेत चार सूत्री मांगों को लेकर होमगार्ड के जवानों ने सोमवार को राजभवन के सामने प्रदर्शन किया। राजभवन के सामने धरना स्थल पर अलग- अलग जिलों से सैकड़ों की संख्या में आए होमगार्ड जवानों ने आंदोलन किया। कहा कि वे लोग हेमंत सोरेन की सरकार की वादाखिलाफी से नाराज हैं। इस बीच मंगलवार को सुबह 10 बजे झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के 5 प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से बुलाया गया है। बताया गया कि सीएम हेमंत सोरेन प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करेंगे और उनकी मांगों पर विचार करेंगे।

## आंधी के एक झोंके में पावर सिस्टम हुआ फेल

रांची: राजधानी में सोमवार दोपहर करीब पौने दो बजे थोड़ी देर के लिए तेज आंधी आई। इसके कारण पूरे शहर में बिजली आपूर्ति सिस्टम फेल हो गए। हटिया ग्रिड में करीब दो बजे सीटी ब्लॉस्ट कर गया। तीनों पावर ट्रांसफार्मर अचानक बैठ गया। नतीजा यह हुआ कि इस भीषण गर्मी में लोगों को पावर संकट झेलना पड़ा। दिन में अचानक बत्ती चली गयी। करीब दो बजे से रांची के बड़े क्षेत्र में दो घंटे तक बिजली बंद गयी। यहां तक कि जेबीवीएनएल मुख्यालय में दो घंटे बिजली नहीं रही। मुख्यालय स्तर से तुरंत अफसर हरकत में आए और स्थिति की जानकारी लेते रहे।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर ›› अपडेट

### कोदवे, रोयांग में मंडा पूजा का आयोजन 26 मई को

**गिद्दी :** कोदवे गाँव में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामप्रसाद सिंह ने किया. जबकि संचालन मिठु महतो द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंडा पूजा पूजा आगामी 26मई को मनाने का निर्णय लिया गया.साथ ही कार्य समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव गुलचंद महतो तथा कोषाध्यक्ष कैतर महतो को बनाया गया है . जबकि संरक्षक मिठु महतो एवं को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### मानवीय सेवा सबसे बड़ा धर्म-दिलीप अग्रवाल

**भुरकुंडा :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में भुरकुंडा बाजार स्थित रेलवे लाइन पर पनशाला का उद्घाटन चैम्बर के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी विनय कुमार सिंह एवं स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार अग्रवाल के द्वारा किया गया !इस मौके पर श्री सिंह ने कहा की भुरकुंडा कोयलांचल का मुख्य बाजार है लेकिन आम नागरिकों के लिए सामूहिक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नगण्य है ,इसलिए मानवीय तौर पर यह आम नागरिक को समर्पित है। कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल ने कहा कि चैंबर हमेशा से ही मानवीय व व्यवसायिक हित हेतु समर्पित है। आम राहगीरों को गर्मी मे पिआऊ की सुविधा होने से गर्मी के दिनो मे काफी राहत पहुंचेगी। इस मौके पर शिव कुमार यादव ,संजय साहू ,सुनील कुमार सिंह ,धर्मेंद्र यादव, महेंद्र ठाकुर, अशोक कुमार ,रंजीत यादव, रिंकू वर्णवाल, रामकुमार सिंह ,राज किशोर प्रसाद ,कमल पोद्दार, अधिवक्ता रॉकी अग्रवाल, दीपक परशाद आदि उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### कार्यक्रमों से बच्चों के चेहरे पर खुशी

**कुजू :** अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में सोमवार को कक्षा तीसरी से लेकर सातवीं तक, 9वीं एवं 11वीं कक्षा के बच्चों के लिए समर कैंप का शानदार शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संचालन संयोजक केके भट्टाचार्य ने किया। विद्यालय प्राचार्य निशिकांत कर ने प्रेषित संदेश के माध्यम से कहा कि बच्चों के चहूँमुखी विकास के लिए विद्यालय हमेशा प्रयासरत रहा है। साथ ही, छुट्टी के समय का भी सदुपयोग बच्चों के कौशल विकास के लिए किया जाता है। विद्यालय की विशेषता हमे एक अलग पहचान देती है। वही, दीप प्रज्वलन व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यालय सुपरवाइजरी हेड कृष्ण मोहन झा ने समर कैंप का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस कैंप के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के कौशल में अभिवृद्धि व उनकी अभिरुचि के अनुसार सह शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना है, जो उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं उसे बहुआयामी बनाने में सहायक होगा। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि पूर्ण समर्पित भाव से, एकाग्र चित्त होकर नृत्य, लघु नाटिका, फोटोग्राफी, चित्रकला, लेखन व पाठन कौशल में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ शामिल हो। इससे पूर्व, प्रातः कालीन सभा में खेल शिक्षक सुमित कुमार ने बच्चों को ड्रिल एवं सूक्ष्म व्यायाम कराया। तत्पश्चात बच्चों को उनकी अभिरुचि के अनुसार उन्हें नृत्य, संगीत, चित्रकला, मंत्रोच्चार, लघु नाटिका आदि विभिन्न समूहों में बांटकर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। तीन घंटे चले कार्यक्रम के पहले दिन बच्चों ने पूरे जोश के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। वही, पूरी मस्ती, आनंद और उल्लास से भरकर एक-एक पल का लुफ्त उठाया' मौके पर विद्यालय के शिक्षक केके अम्बष्ठा, वीके वर्मा, सुजय मिश्रा, नीरज पाठक, पी बेहेरा, प्रकाश ठाकुर, मुकेश झा, एस गोस्वामी, पी विश्वास, भूपेंद्र सोनी, मौसमी बनर्जी, अनीता सिंह, रंजना बाला सिन्हा, माधवी, दीपिका, डीके पाठक आदि मौजूद रहे। ज्ञात हो कि यह समर कैंप एक सप्ताह तक चलेगा व समापन 20 मई शनिवार को होगा।

---

**अपराध**

दहेज हत्या के चारो आरोपियों को सिद्ध दोषी पाने के बाद अदालत ने सुनवाई आजीवन कारावास की सजा

# रितेश कुमार ठाकुर, पारस ठाकुर, इंदु देवी एवं राहुल ठाकुर को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या एवं हत्या के मामले में बेरमो थाना अंतर्गत घुटियाटांड करगली कॉलोनी निवासी रितेश कुमार ठाकुर, पारस ठाकुर, इंदु देवी एवं राहुल ठाकुर को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मालूम हो कि बिहार के औरंगाबाद जिला के रिसियप थाना अंतर्गत सनथुआ निवासी अनिल कुमार प्रभाकर ने 25 जनवरी 2019 को बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि उसकी बेटी अर्चना कुमारी उर्फ माला की शादी 19 अप्रैल 2016 को रितेश कुमार ठाकुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही सूचक अनिल कुमार प्रभाकर की बेटी अर्चना कुमारी के साथ उसके पति रितेश कुमार ठाकुर, ससुर पारस ठाकुर, सास इंदु देवी और देवर राहुल ठाकुर सहित ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उनको कहते थे की शादी में दहेज बहुत कम मिला है, एक स्विफ्ट कार मांग कर लाओ वरना तुम्हें नहीं रहने देंगे। समझाने बुझाने के बाद भी नहीं मानते थे सूचक के द्वारा अर्चना कुमारी को अपने घर औरंगाबाद ले जाया गया। जहां वह लगभग 1 वर्ष तक रही पता उसकी बच्ची हुई। जिसे समझाने बुझाने के बाद सितंबर दो हजार अट्ठारह में फुसरो लाया गया। किन्तु आने के बाद फिर से ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे कहने लगे कि अगर दहेज में कार नहीं मिला तो आप की बेटी अर्चना और नतिनि को जलाकर मार देंगे अगर तुम आओगे तो तुम्हें भी मार देंगे। फिर 25 जनवरी 2019 को सुबह राहुल ठाकुर का फोन आया कि आपकी बेटी एवं नतिनी जल गई है। सूचक के साथ उसके घर के लोग वहां फुसरो पहुंचे तो देखा कि उनकी बेटी अर्चना कुमारी मृत पड़ी है और नतीनी का इलाज बीजीएच बोकारो में चल रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी बेटी को उसके ससुराल वालों ने घर में जला कर मार दिया उसकी नतिनी को भी जला दिया। उसके भी बचने की भी कोई संभावना नहीं है। उक्त बयान के आधार पर बेरमो थाना में मामला दर्ज किया गया। इलाज के दौरान सूचक की नतिनी की भी मृत्यु हो गई। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर जिला जज दितीय श्री अनिल कुमार की अदालत में आया। अदालत में उपलब्ध साक्ष्य और उभय पक्ष के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद जिला जज दितीय श्री कुमार ने चारों अभियुक्तों को दहेज हत्या एवं हत्या के मामले में सिद्ध दोषी पाया। सिद्ध दोषी पाने के बाद चारों अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चारों अभियुक्तों को सजा सुनाने के बाद तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया एवं सूचक के अधिवक्ता उमेश प्रसाद ने बहस में उनका साथ दिया।

# कर्नाटक जीत के बाद कांग्रेस खुश है



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** पार्टी कार्यकताओं के हौसले बुलंद हैं। भावी जीत के सपने देखने शुरू हो चुके हैं और 2024 में राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे बयान भी आने लगे हैं। चुनाव दर चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में निराशा छाने लगी थी। उसके कई बड़े-छोटे नेता पार्टी छोड़कर वैसे ही चले गए, जैसे डूबते जहाज से चूहे निकल कर भागते हैं। सत्ता सुख और पद की लालसा में बहुत से नेताओं ने भाजपा का भगवा गमछा ओढ़ लिया। ऐसे ही नेताओं के कारण आज की राजनीति में विचारधारा अप्रासंगिक बना दी गई है। लेकिन कर्नाटक चुनाव में जनता ने साबित कर दिया कि लोकतंत्र में विचारधारा की कितनी प्रासंगिकता और महत्व है उपरोक्त बातें कांग्रेस के वरीय नेता सह आरकेएमयू के कथारा एरिया अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कही। आगे कहा कि भाजपा ने हिजाब विवाद, हलाल, बीफ पर प्रतिबंध को पहले मुद्दा बनाया, जो चुनाव के आखिर तक बजरंग बली की जय तक पहुंच गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सारी मयार्दा तक पर रखते हुए लोगों से बजरंग बली की जय बोल कर वोट देने कहा, और चुनाव आयोग को इसमें कुछ गलत भी नहीं दिखा। बजरंग बली की जय के जवाब में अगर दूसरे धार्मिक नारे उछाले जाते तो क्या हालात नहीं बिगड़ते ? गनीमत रही कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा नेताओं की धमकियों और घुड़कियों के बावजूद कर्नाटक में माहौल शांत और सद्भावपूर्ण है। केरल स्टोरी का जवाब कर्नाटक स्टोरी के रूप में देश के सामने आ चुका है कि नफरत और झूठ का कारोबार अधिक वक्त तक नहीं चल सकता। नफरती कारोबार के शेयर पिछले 9 सालों में देश में खूब बढ़े हैं, लेकिन राहुल गांधी ने इस दुकान के शटर गिराने में काफी हद तक सफलता प्राप्त कर ली है।

## भारतीय मजदूर संघ सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य के साथ गिद्दी ए प्रबंधन ने किया



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** भारतीय मजदूर संघ सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य शशि भूषण सिंह, क्षेत्रीय सचिव प्रशांत बेल्थरिया, गिद्दी शाखा अध्यक्ष हेमंत कुमार शर्मा, शाखा सचिव रणधीर कुमार सिंह, क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड सदस्य बालेश्वर करमाली ने विगत 14मई को हुई दुर्घटना जिसमें करेंट लगने से पुराना बुधबाजार निवासी राजालाल साव की मृत्यु हो गई थी कि गहन जांच की गई। जांच में उन्होंने इसे एक महज दुर्घटना बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि कॉलोनी के बीच में इस तरह की घटना को दुःखदाई कहा है।साथ ही प्रबंधन को समय-समय पर इस तरह की जगहों पर निरीक्षण करते रहने की आवश्यकता पर बल दिया। ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण के दौरान परियोजना पदाधिकारी, हरिमोहन, सिकंदर कुमार, अयोध्या करमाली, आशुतोष रंजन और कई अन्य शामिल थे।

## 7 करोड़ 13 लाख 86 हजार के लागत पर 12 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** पतरातू हजारीबाग लोकसभा सांसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद जयंत सिन्हा एवं कांके विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक समरी लाल के द्वारा अनुशंसा पर ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार ने पतरातू प्रखंड के ग्राम तालाटांड से बेंती , बागदा सुरीद बगीचा तक एवं लगभग 7 करोड़ 13 लाख 86 हजार रुपया की लागत से लगभग 12 किलोमीटर सड़क का मरम्मती किया जाएगा। यह जानकारी रामगढ़ जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो के द्वारा प्रेस रिलीज के द्वारा दी गई। श्री महतो के द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि। यह सड़क लगभग 10 से 15 साल पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा बनाई गई थी। परन्तु देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में यह सड़क काफी जर्जर हो चुका है। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा एवं विधायक समरी लाल क्षेत्र के लोगों के द्वारा जर्जर सड़क के कारण आवागमन में होने वाली परेशानी को आवेदन के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाकर सौंपा था। जनसमस्या को देखते हुए तत्काल सांसद एवं विधायक दोनों ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को अनुशंसा कर जनसमस्या के बारे में अवगत कराया था। जानकारी देते हुए महेंद्र कुमार महतो के द्वारा बताया गया कि उसी आलोक एवं अनुशंसा के पहल पर पथ निर्माण की स्वीकृति मिली चुकी है।

# जितराटोंगरी में ग्रामसभा आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इचाकडीह के टोला जितराटोंगरी के स्थानीय उपरटोला बस्ती महुआ पेड़ के समक्ष रविवार को ग्रामसभा आयोजित किया गया। बैठक में जितराटोंगरी के वन क्षेत्र में वृक्षारोपण संबंधित विवाद का वार्ता किया गया। सभा में वन अधिकार कानून 2006, नियम 2008 के संशोधन, नियम 2012 के तहत बातों को रखा गया। जंगल की संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन ग्रामीणों ने किया है। जहां पर वन विभाग वृक्षारोपण करना चाहता है। वहां पर हड़गड़ी (कब्रिस्तान) एवं देवस्थान पूजा स्थल है, साथ ही साथ जंगल में प्राकृतिक पेड़ों को ग्राम सभा के लोगों ने बचाया है। ग्राम सभा के बिना अनुमति से वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण ट्रेंच गड्ढा कार्य हो रहा था। इसका विरोध ग्रामीणों ने किया। ग्रामसभा में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों द्वारा महुआ, करंज, निम, कटहल, सबुवा, कोनार, आंवला, जामुन एवं अन्य प्राकृतिक पौधों का नर्सरी करके वृक्षारोपण करेंगे। मौके रेंजर बिनोद राय, सअनि सुमित कुमार सिंह, मुखिया रमेश राम, पंसस छाया कुमारी रजवार, उपमुखिया पिंटू रजवार, वार्ड सदस्य दुर्गा हेम्ब्रोम (वार्ड 01), वार्ड सदस्य उर्मिला देवी (वार्ड 3), वार्ड सदस्य परनी देवी( वार्ड 5), रामगढ़ जिला ग्राम सभा मंच अध्यक्ष हीरालाल मुर्मू एवं सचिव ओम प्रकाश मांझी, धनेश्वर रजवार, विनोद रजवार, अशोक हेंब्रोम, सुनील हेंब्रम, कर्मा रजवार, बिरसा हंसदा, बोकारो से समाजसेवी बाबू चंद हासदा, श्याम देव, सोरेन पिंटू मरांडी, रवि रजवार, अशोक रजवार मुकेश रजवार उमेश रजवार ललिता देवी बसंती देवी, पार्वती देवी, रेणु देवी, रेवा देवी, सुनीता देवी, माही देवी, सुमित्रा देवी, लाखों देवी, रतनी देवी, सालखो देवी, मंजू देवी सहित सैकड़ों की तादाद में महिला-पुरुष मौजूद थे।

**आस्था**

रामगढ़ कुंदरुकला में मंडा पर्व का आयोजन किया गया

# पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी सर्वप्रथम बाबा भोले नाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया

**▶▶ ।इस परंपरा की शुरूआत नागवंशी राजाओं के द्वारा की गई थी**

**▶▶ नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर सिर के बल झूलते नजर आते हैं**



**रामगढ़ :** कुंदरुकला में मंडा पर्व का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी सर्वप्रथम बाबा भोले नाथ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त की फिर कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया फिर माननीय मुख्य अतिथि पुर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी ने विधिवत फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया साथ संबोधित करते हुए कहा की मंडा पूजा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े, नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर सिर के बल झूलते नजर आते हैं। उनका उद्देश्य भगवान भोले शंकर से मन्नत मांगना होता है। इस दौरान सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आए।झारखंड का पारम्परिक लोकपर्व मंडा पूजा इस साल भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है मंडा पर्व के भक्त आराध्य भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना करते हैं इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है ।
जिसमें बड़े तो बड़े, नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर सिर के बल झूलते नजर आते हैं। उनका उद्देश्य भगवान भोले शंकर से मन्नत मांगना होता है। इस दौरान सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आएं। मंडा पूजा का इतिहास भी काफी प्राचीन है। लोग बताते हैं कि इस परंपरा की शुरूआत नागवंशी राजाओं के द्वारा की गई थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार झारखंड में मनाई जाने वाली मंडा पूजा भगवान भोले शंकर की पहली पत्नी सती के बलिदान की याद के रूप में मनाई जाती है।

---

### 18 मई को अनुमंडल बंद करने का निर्णय



**बेरमो :** सोमवार को ठेकेदार मजदूर यूनियन के महासचिव एवं झारखंड आंदोलनकारी भाकपा नेता इफतेखार महमूद ने कहा कि 3 महीना से लगातार बिजली को लेकर आंदोलन किया जा रहा हैं लेकिन बिजली विभाग का अधिकारी, और अधिकारी के साथ साथ वर्तमान सरकार भी मौन है। इसलिए मजबूरी होकर 18 मई को अनुमंडल बंद करने का निर्णय लिया गया है। कहा कि अनुमंडल के विभिन्न पंचायत विभिन्न क्षेत्रों में कई जगह पर पोल की कमी और तार जर्जर हो चुकी है साथ ही साथ बिजली बिल मे भी बढ़ोतरी का शिकायत आ रहा है। जबकि वर्तमान सरकार का कहना है कि 100 यूनिट बिजली फ्री दिया जाएगा लेकिन अब तक नहीं मिला। सरकार का वादा किया हुआ सिर्फ और सिर्फ कागजों में ही रहता है। जमीनी स्तर पर नहीं उतरता है आखिर कब तक परेशान होंगे ग्रामीण यह मोदी मॉडल हो गया है विकास हो या ना हो विज्ञापन देते जाओ।

### चोरी गये लोहा को सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों ने किया बरामद



**बेरमो :** बीते रात्री को अज्ञात चोरो द्वारा स्वांग वाशरी से लोहा का प्लेट चोरी कर लिया गया था। मगर सीसीएल के स्वांग वाशरी के सुरक्षा प्रभारी एवं सुरक्षा प्रहरी के सतर्कता के कारण चोरी किए गए लोहे के प्लेट को बरामद कर लिया गया है। इस छापेमारी में सुरक्षा प्रभारी भीम राम, प्रधान सुरक्षा प्रहरी कामेश्वर कमार, सुरक्षा प्रहरी फिरू सांवरा, रमेश कुमार उरांव एवं अन्य गृह रक्षक शामिल थे।बताता चलू कि इन दिनों लोहा चोरो का भारी आतंक देखने को मिल रहा है। स्वांग वाशरी ही नही कथारा वाशरी, बंद केपटी पावर प्लांट इन दिनों लोहा चोरो के निशाने पर माना जाता है। मिली जानकारी के अनुसार बीते देर रात्रि रेलवे कॉलोनी स्थित बंद सीपीपी पावर प्लांट पर चोरो के एक दल ने धाबा बोला था मगर मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों हो हल्ला मचाने के बाद सभी चोर भाग खड़े हुए।

### बच्चों के मनोरंजन के लिए समर कैंप का आयोजन

**बेरमो: फुसरो :** नप के करगली सिनियर क्वाटर स्थित मेरा बचपन प्ले स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ निदेशक जयेश राठौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। राठौर ने कहा कि भीषण गर्मी को भूलकर बच्चों को इंजॉय करने के साथ-साथ बहुत सारी एक्टिविटीज सीखने का सुनहरा मौका मिलेगा। प्राचार्य रितु राठौर ने कहा कि समर कैंप में बच्चे कुछ सीखने के साथ-साथ मस्ती करेंगे। इसमें स्कूल के अलावा बाहरी बच्चे भी हिस्सा ले सकते हैं। अभिभावक अपने बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर सकते हैं। कहा कि जो बच्चे पहले दिन कैंप में शामिल नहीं हुए हैं उन्हें बिल्कुल निराश होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आने वाले समर कैंप के दिनों में फन की कोई कमी नहीं है। समर कैंप बच्चों की स्किल डेवलप करने के लिए काफी फायदेमंद है। समर कैंप में डांस, पेपर क्राफ्ट, योग, फन गेम्स, कुम्हार के द्वारा मिट्टी से बनी चीजें, गेम्स, रेन डांस का आयोजन आकर्षण का केंद्र होगा 17 मई को कैंप के समापन पर विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में फुसरो के डांस टीचर उत्तम कुमार सहित विद्यालय की शिक्षिका कैसर फातिमा, अंजना सिंह, डिंपल कुमारी, रेखा सिंह, सोमा मंडल, रमणिका, सुष्मिता, पल्लवी, आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

### मोचा ने मचाया उत्पात, जारंगडीह रेलवे साइडिंग में



**बेरमो :** मोचा जो पिछले लगभग 15 दिनों से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। आज दोपहर उसके हल्के झोके ने बेरमो कोयलांचल के विभिन्न हिस्सों में कमो बेस उत्पात मचाता हुआ निकल गया। सोमवार को सुबह से खिली खिली और आग बरसाती धुप थी मगर दोपहर होते होते एकाएक पुरे बेरमो कोयलांचल पर मोचा तुफान ने अपने काले चादर डाल दिए और देखते ही देखते तेज हवाओ के झोको के साथ धुल उड़ने लगे। जो वाहन जहां था वही खड़ी हो गई। क्योंकि तोज हवाओ और धुल के कुछ भी दिखाई नही दे रही थी। इस तुफान ने छोटे व कमजोर पेड़ों को अपने जद में लेने के साथ साथ बिजली के कुछ पोलो और ट्रांसफार्मर को भी प्रभावित करता गया। तेज हवाओं के झोके के कारण जारंगडीह रेलवे साइडिंग में लगे लगभग आधा दर्जन क्रेसर तथा कांटा को संचालित करने वाला ट्रांसफार्मर साउट सर्किट के कारण आग लग गई और देखते ही देखते पुरा ट्रांसफार्मर आग की चपेट में आकर धु धु कर जलने लगा। हालांकि सीसीएल जारंगडीह प्रबंधन ने आनन फानन में पानी से भरे टेंकरो को वहां भेजा और आग पर काबू पाने की कोशिश की मगर तब तक काफी देर हो चुकी थी और लगभग उक्त ट्रांसफार्मर जल कर खत्म हो चुका था। ट्रांसफार्मर की किमत लाखो मे बताई जाती है। इधर इस घटना के बाद जारंगडीह रेलवे साइडिंग के सभी क्रेसर बंद पड़ गए और और कांटा घर भी प्रभावित हुआ है। जबकि सीसीएल प्रबंधन रेलवे साइडिंग को पुनः सुचारू रूप से आरंभ करने की जुगत में जुटी हैं।

## संपादकीय

# कर्नाटक से मिलते चुनावी संकेत को क्या समझा जाए

दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य, जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। वैसे यह सरकार भी दूसरे दलों की खामियों का फायदा उठाकर बनायी गयी थी। इस बार के चुनाव में जनता ने इस साजिश को भी शायद नामंजूर कर दिया है। इसलिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में, जहां इसी तरह का खेल हुआ था, आगे क्या होगा, यह भाजपा के लिए विचार का प्रश्न है। वैसे इसके बीच ही नरेंद्र मोदी की छवि को बनाये रखने में मुख्य धारा की मीडिया की कोशिशों पर सवाल उठना लाजिमी है। सीधा सा सवाल है कि अगर जीत का सेहरा बार बार नरेंद्र मोदी के सर पर बांधा जाता है तो हार का पट्टा भी उन्हीं के गले में पहनाया जाएगा। इसके लिए दूसरे किस्म की दलीलों का प्रचार कर मुख्य धारा की मीडिया खुद को और संकट में डाल रही है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि अगर वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा हार गयी तो इन मुख्यधारा की मीडिया के कई लोगों पर गाज गिरेगी और चीख चीखकर भाजपा का प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रचार करने वाले एंकरों को सड़क पर आना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए होगा कि मीडिया मालिक मौका देखकर अपना चाल और चरित्र बदलने में देर नहीं करेंगे।



लेकिन इसके बाद भी कर्नाटक विधानसभा चुनावों में शानदार जीत से गदगद कांग्रेस के उत्साह का विश्लेषण सावधानी के साथ वास्तविकता को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। आमतौर पर ऐसे अनुमान जताए जा रहे थे कि राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस दमदार प्रदर्शन कर सकती है। इसका कारण यह था कि दशकों से कर्नाटक में कोई भी सरकार लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटकर नहीं आई है। कांग्रेस ने 1989 के बाद अपने मत प्रतिशत में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज कर सबको चौंका दिया। हालांकि, एक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस और ना ही दूसरे विपक्षी दल कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणामों को 2024 में होने वाले संसदीय चुनावों के संभावित रुझान के रूप में देखने की जल्दबाजी दिखा सकते हैं। इसका कारण 2019 के लोकसभा चुनावों से जुड़ा है। उन चुनावों से पहले तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़- के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। मगर इन चुनावों के कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनावों में इन तीनों राज्यों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में मतदान किया। राजस्थान में तो कांग्रेस अपना खाता तक नहीं खोल पाई। यद्यपि, भाजपा का प्रदर्शन उम्मीद से अधिक कमजोर रहा है मगर चुनाव विश्लेषकों को पार्टी की हार का विश्लेषण सतर्कता से करना चाहिए। कर्नाटक में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रही थी। यह भी कहा जा रहा है कि कमजोर चुनावी रणनीति के कारण लिंगायत समुदाय उससे दूर हो गया। इस समुदाय के कई नेता चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए। मगर लिंगायत समुदाय के नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने का असर स्पष्ट तौर पर नहीं दिख रहा है। इसका कारण यह है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार हुबली मध्य-धारवाड़ सीट पर भाजपा के प्रत्याशी से बड़े अंतर से हार गए। शेट्टार छह बार से इस विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। फिर भी चुनाव परिणाम बताते हैं कि लिंगायतों का समर्थन भाजपा को तुलनात्मक तौर पर कम मिला है। चुनाव नतीजों का विश्लेषण किया जाए तो ऐसा प्रतीत होता है कि सर्वाधिक नुकसान जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) को हुआ है। इस बार के चुनावों में जेडीएस का मत प्रतिशत 18 से घटकर केवल 13 प्रतिशत रह गया। जेडीएस के मत प्रतिशत में आई कमी का सीधा लाभ कांग्रेस को मिला जिसका मत प्रतिशत 38 से बढ़कर 43 प्रतिशत हो गया। हालांकि, भाजपा का मत प्रतिशत लगभग स्थिर रहा है। यह प्रश्न महत्त्वपूर्ण है जिसका गंभीरता से विश्लेषण कांग्रेस सहित सभी दलों के लिए जरूरी हो सकता है। अगर कांग्रेस देश में राष्ट्रीय स्तर पर एक विश्वसनीय विपक्ष की भूमिका निभाना चाहती है तो उसके लिए यह आवश्यक है कि वह कर्नाटक में जीत का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को देने की गलती ना करें। राहुल की यात्रा का प्रभाव रहा है, यह आंकड़े बताते हैं लेकिन किसी चुनाव में वे कितने महत्वपूर्ण बने, यह बाद के विश्लेषण की बात है। राज्य में डी के शिवकुमार और सिद्धरमैया का स्थानीय दबदबा कांग्रेस की जीत में सहायक रहा है। भाजपा ने राज्य में मुस्लिमों के लिए आरक्षण खत्म करने और मुस्लिम छात्राओं के हिजाब पहनने का विरोध करने को चुनावी मुद्दा बनाया था। उसके लिए इन चुनावों से मिले संकेत स्पष्ट हैं। तुलनात्मक रूप से देश के अधिक शिक्षित दक्षिण भाग में ध्रुवीकरण की राजनीति अब काम करने वाली नहीं है। इसलिए लोकसभा चुनाव की तैयारियों में सभी पक्षों को आत्मविश्लेषण करना होगा। आत्म प्रशंसा में सच्चाई से विमुख होना भाजपा और विरोधी दोनों के लिए खतरे की घंटी बन सकती है।

# डेंगू से रहें सावधान




डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को ह्यराष्ट्रीय डेंगू दिवसह्न मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया।



**श्वेता गोयल**
शिक्षिका

डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरूआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है। बहरहाल, यदि इसके बावजूद मरीज की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आए या परेशानियां बढ़ती दिखें तो तुरंत अपने चिकित्सक या नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करना चाहिए क्योंकि डेंगू के इलाज में लापरवाही मरीज की जिंदगी पर बहुत भारी पड़ सकती है।

# उत्कृष्ट उद्देश्य

अब गतांक से आगे .. ..

तो वह हनुमान जी का भक्त हो गया ।अब वह दिनभर पढाई करने के बजाय खुद को कमरे में बंद करके पता नहीं क्या भक्ति करता था । उसके घर वालों ने तो उसे पागल घोषित कर दिया था । परन्तु क्या वह पागल था ? शायद और शायद नहीं । अब उसकी परीक्षा निकट आ गई थी ।

घर वालों ने कहा कि परीक्षा तो देने जायेगा नातो उसने मना कर दिया और कहने लगा कि सब हनुमान जी देख लेंगे। घर वालों और पढ़ोसियों के बहुत समझाने पर शायद वो परीक्षा देने के लिए मान गया था । किन्तु अंततः वह परीक्षा में फैल हो गया ।



घर वाले तो पहले से जानते थे, कि उसका फैल होना निश्चित हैं । किन्तु उसे बहुत बड़ा धक्का लगा । क्यों हुआ ऐसा ? इसलिए की वह सिद्धांत विहीन उपासना कर रहा था । किसी भी साधना की सफलता के लिए परिष्कृत व्यक्तित्व का होना अनिवार्य हैं ।

कोई भी साधना करने से पहले यह निश्चय होना चाहिए कि साधना क्यों की जा रही हैं । यह खयाल बराबर बना रहना चाहिए कि हमारी साधना हमेशा ऊँचे उद्देश्यों के लिए हो । आत्मकल्याण और लोकमंगल के उद्देश्य से की जाने वाली साधनायें हमेशा सफल होकर रहती हैं । इसके साथ - साथ इस बात का भी ध्यान बराबर बना रहना चाहिए कि हमारी साधना में तीनों सिद्धांतों का समावेश हो । चाहे वो भौतिक सफलता के लिए हो, चाहे आत्मकल्याण के लिए । .. ..**समाप्त।**

(संयुक्त परिवार दिवस 15 मई विशेष)

# जीवन का आनंद है संयुक्त परिवार

संयुक्त परिवार हमारी संस्कृति और संस्कार की पाठशाला रहे। लेकिन अब यह परिपाटी चटक रहीं है। एकल परिवार की संस्कृत बढ रहीं है। जिसकी वजह से जीवन में तमाम विसंगतियां पैदा होती दिखती है। लोग अवसाद का शिकार बन रहे हैं। फिर भी लोग मानते हैं कि तमाम चुनौतियों के बाद भी बदलते परिवेश में संयुक्त परिवार जीवन के लिए एक भरोसेमंद छत है। दुनिया भर में 15 मई संयुक्त परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूर्वांचल में अधिकांश आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। लेकिन यहां के सबसे अधिक लोग रोजी-रोटी के लिए मुंबई जाते हैं। लेकिन फिर भी यहां संयुक्त परिवार की परंपरा कायम है। भदोही जनपद में ऐसे परिवारों की संख्या बहुतायत है। 25 से 30 लोग घर पर खेती बारी और दूसरे रोजी रोजगार में रह कर भी अपना जीवन यापन करते हैं। मुंबई या अन्य शहरों में रहने वाले लोग मांगलिक कार्यक्रमों और सुख-दुःख में घर आते हैं। संयुक्त परिवार में जिन बुजुर्गों ने आधे तन पर कपड़ा पहन और मोटे अनाज खाकर बच्चों को देश-विदेश- पढ़ने के लिए भेजा, उन्हें अच्छा जीवन दिया। बदले परिवेश में आधुनिक जीवन शैली जीने वाले उन्हीं परिवारों में बुजुर्गों की हालत क्या है। एकल परिवार की वजह वह अकेले जीवन यापन करने को बाध्य हैं।



**प्रभुनाथ शुक्ल**
स्वतंत्र-पत्रकार

**दुनिया भर में 15 मई संयुक्त परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूर्वांचल में अधिकांश आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है।**

भदोही जनपद के सुरियावां ब्लॉक के हरीपुर गांव निवासी पेशे से अधिवक्ता संजय दुबे के पिता राधेश्याम दुबे (94) उनकी मां प्रभावती (90) हैं। दोनों बुजुर्ग परिवार की शान हैं। घर के दरवाजे पर बैठे रहते हैं। पिता राधेश्याम की मूछों पर पूरा परिवार गर्व करता है। इतनी उम्र में भी वह स्वस्थ और मस्त हैं। सुबह स्नान के बाद बगैर चश्मा के हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवार से 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना जागृत होती है। लोग पैसे से सुख शांति चाहते हैं लेकिन संभव नहीं है। पुरानी पीढ़ी में लोग अभाव में भी सुख का आनंद लिया। महुआ मटर और मोटे अनाज खाकर मानसिक अवसाद और रोगों से दूर रहें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज खुद मोटे अनाज की वकालत करते हैं। उनके विचार में संयुक्त परिवार सबसे बड़ा धन है। संयुक्त परिवार से समाज राष्ट्र और देश को अच्छा संस्कार मिलता है। लोगों में समूह की भावना जागृत होती है।

राधेश्याम दुबे के पास चार लड़के हैं। सबसे बड़ी दशरथ दुबे दूसरे सुजीत दुबे और तीसरे पर आशीष दुबे। संजय भाइयों में सबसे छोटे हैं। सामाजिक दायित्व की जिम्मेदारी इन्हीं पर है। माता-पिता और भाइयों, महिलाओं और बच्चों को मिलाकर 30 परिवार का कुनबा है। 10 लोग मुंबई में रहते हैं। 20 लोग घर पर है। घर के पुरुष एक साथ मिलकर खेती करते हैं। परिवार की खपत के लिए सब्जी घर पर ही इफराद पैदा की जाती है। सभी युवा एम-एलएलबी हैं। संजय दुबे और भईयों आपस में अच्छा तालमेल है। संजय दुबे के अनुसार संयुक्त परिवार आधुनिक जीवन की सबसे भरोसेमंद छत है। यहां आपसी तालमेल करके अपना जीवन सुख में बिता सकते हैं। किसी बड़े आर्थिक मोर्चे पर थोड़े-थोड़े सहयोग से बड़ा काम हो जाता है। सुख-दुःख में एक साथ लोग खड़े होते हैं। किसी को किसी प्रकार की चिंता नहीं करनी पड़ती है। जीवन में अकेलापन महसूस नहीं होता है।

## जानकारी

# कूर्ग में ताडियांदामोल पीक



5724 फीट की ऊंचाई पर स्थित, ताडियांदामोल कूर्ग की सबसे ऊंची चोटी है और कर्नाटक में दूसरी सबसे ऊंची चोटी मानी जाती है। यहां के पहाड़ घने जंगलों से भरे पड़े हैं। ये जगह ट्रैकिंग प्रेमियों के लिए भी बेस्ट है। आप जीप के माध्यम से भी इस पहाड़ी के दो-तिहाई क्षेत्र तक पहुँच सकते हैं। यहां की एंट्री फीस फ्री है और घूमने का समय सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच है।

**कूर्ग में इरुप्पु फॉल्स**

इरुप्पु वाटर फॉल्स कूर्ग जिले में ब्रह्मगिरी पर्वत श्रृंखला पर स्थित एक खूबसूरत झरना है। इरुप्पु फॉल्स को लक्ष्मण तीर्थ वाटरफॉल के रूप में भी जाना जाता है। इस झरने के पास ही भगवान शिव का रामेश्वर मंदिर भी है। इरुप्पु वाटर फॉल्स के जल को प्राचीन समय से काफी पवित्र माना जाता रहा है। ये झरना रामायण काल से सम्बंधित हैं।

# Tata ! भारत में बनाएगी Phone 15 सीरीज के दो मॉडल



नई दिल्ली : Apple ने बीते महीने आधिकारिक तौर पर भारत में दिल्ली और मुंबई में अपने स्टोर खोले थे। अब एक नई खबर आ रही है कि टाटा ग्रुप भारत में नए आईफोन का निर्माण करेगा। फिलहाल ऐपल के लिए भारत में फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन निर्माण करती हैं। एक रिसर्च फर्म ट्रेंडफोर्स के अनुसार, भारत में ताइवानी कंपनी विस्ट्रॉन की फैक्ट्री के अधिग्रहण के बाद ळं३ ऐपल की चौथी कॉन्ट्रैक्ट निमार्ता बनने वाली है।

**Tata ग्रुप भारत में बनाएगा iPhone 15 और 15 Plus**

वर्तमान में Apple के भारत में 3 कॉन्ट्रैक्टर हैं। ये हैं- फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और लक्सशेयर। फॉक्सकॉन ऐपल की सबसे पुरानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स में से एक है। वहीं, टाटा ग्रुप द्वारा कर्नाटक में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट संभालने के बाद ताइवानी फर्म विस्ट्रॉन भारत में अपने ऑपरेशंस को बंद करने के लिए तैयार है। टाटा ग्रुप ने कथित तौर पर भारत में विस्ट्रॉन की प्रोडक्शन लाइन का अधिग्रहण कर लिया है। इससे भारत में आईफोन असेंबली बिजनेस में एंट्री का रास्ता साफ हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, टाटा ग्रुप को आगामी आईफोन 15 और 15 प्लस मॉडल के निर्माण के ऑर्डर मिले हैं जो इस साल के आखिर में एंट्री ले सकते हैं। रिसर्च फर्म का कहना है कि टाट ग्रुप को iPhone 15 और iPhone 15 Plus के प्रोडक्शन का एक छोटा हिस्सा मिलेगा। टाटा, दोनों मॉडल्स का सिर्फ 5 प्रतिशत ही असेंबल करेगी। वहीं, फॉक्सकॉन नए आईफोन के रेगुलर वेरिएंट के 70 प्रतिशत और लक्सशेयर रेगुलर वेरिएंट का 25 प्रतिशत असेंबल करेंगी। बताया जाता है कि लक्सशेयर को प्लस वेरिएंट के असेंबली ऑर्डर का 60 प्रतिशत और पेगाट्रॉन को प्लस वेरिएंट के असेंबली ऑर्डर का 35 प्रतिशत मिला है। iPhone 15 Pro मॉडल की बात करें तो फॉक्सकॉन को ढ१ङ्क और ढ१ङ्क ट७ के असेंबली ऑर्डर का 70 प्रतिशत मिलेगा।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट



"मुझे आत्मसमर्पण करने और शिवसेना छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए दबाव की रणनीति बनायी जा रही है लेकिन मैं दबाव के आगे नहीं झुकूंगा।"

संजय राउत
राज्यसभा सांसद



"आपने शानदार प्रदर्शन किया है, हमें गौरवान्वित किया है। यह दिखा दिया है कि प्रतिभा से क्या हासिल किया जा सकता है। शाबास, मेरे प्यारे विद्यार्थियों, अपने राज्य और देश को बंगाल के सफल छात्रों के साथआगे ले जाइए।"

ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री (पश्चिम बंगाल)

## संपादक के नाम पत्र

### नतीजे चेतावनी है

कर्नाटक के चुनाव परिणामों ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की चुनावी तैयारियों की पोल खोल कर रख दी है। हिमाचल के बाद अब कर्नाटक भी उसके हाथ से निकल गया है। वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा के चलते जिस तरह भाजपा में असंतोष उभर रहा है वह आने वाले किसी बड़े बदलाव का संकेत है। अंदरूनी कलह पार्टी की सबसे बड़ी मुसीबत है जो मध्यप्रदेश में उजागर हुई है जहां पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र ने कांग्रेस की शरण ली है। अभी मनमुटाव बरकरार है अगर उसे सुलह में नहीं बदला गया तो मध्यप्रदेश भी ठीक कर्नाटक की राह जा सकता है जहां प्रधानमंत्री से लेकर बड़े नेता के प्रचार के बावजूद भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा है। जोड़-तोड़ की राजनीति भी आंकड़ों को देखते हुए संभव नहीं लगती। चुंकि इस साल राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के साथ ही मिजोरम और तेलंगाना में भी चुनाव होना है और 2024 में लोकसभा चुनाव है ऐसे में पार्टी को क्या हासिल होना है इस पर मंथन जरूरी है। कांग्रेस की तरह अगर भाजपा में भी उपेक्षा का दौर जारी रहा तो पार्टी को ऐसे ही चौकानेवाले परिणाम झेलने को तैयार रहना चाहिए।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**इन्दौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### विशाल दे 87% लेकर (सीबीएसई) में प्रथम स्थान में उर्तीण

**हजारीबाग :** साहित्यकार सह समाजसेवी सुनील कुमार दे के भतीजा अर्थात नुआग्राम निवासी तरुण कुमार दे का कनिष्ठ पुत्र विशाल कुमार दे ने सीबीएसई के आई,इस,सी परीक्षा में 87% लेकर प्रथम स्थान में उत्तीर्ण हुआ है ।विशाल कुमार दे कदमा जमशेदपुर के बाल्डविन फार्म एरिया हाई स्कूल में पढ़ता था ।उनकी इस सफलता में लिए उनका बड़े चाचा सुनील कुमार दे,उनके पिता माता,उनके बड़े भाई बिकास कुमार दे और उनके आत्मीय स्वजन ने बधाई दी है।

## सिटी अपडेट्स >>

### मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं:सुनील कुमार दे

**जमशेदपुर :** कोई भी भाषा खराब नहीं, सब अपने अपने जगह पर महान है लेकिन अपनी मातृभाषा सबका प्रिय है ।इसका कोई विकल्प नहीं है। मातृभाषा मातृ दुग्ध के समान है ।इसलिए हर ब्यक्ति को अपनी मातृभाषा का ज्ञान होना चाहिए ।अपनी मातृभाषा की कद्र और सम्मान करना चाहिए। पहले देश के हर राज्य में मातृभाषा की पढ़ाई होती थी और भारत के संविधान में भी प्राइमरी शिक्षा मातृ भाषा में देना है यह विधान है लेकिन अनेक राज्य में इसका पालन नहीं होता है उसमें से हमारा झारखंड राज्य एक है ।करीब 30 साल पहले बंगला,उड़िया, उर्दू आदि की शिक्षा हिन्दी और इंग्रेजी के साथ दिया जाता था ।बंगला मीडियम,उड़िया मीडियम,हिंदी मीडियम स्कूल भी होता था लेकिन झारखंड बनने के बाद विद्यालय में केवल हिंदी और इंग्रेजी कि पढ़ाई होती है ।बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन सरकार का कोई ब्यबस्था नहीं है जो बहुत ही दु:ख की बात है ।सरकार को सभी भाषा को सम्मान देना चाहिए और इसके लिए हर विद्यालय में मातृभाषा में शिक्षा को अनिवार्य करने की जरूरत है ताकि बच्चे मातृभाषा शिखने से बंचित न रह जाय।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हिन्दू राष्ट्र संकल्प महारैली को लेकर हिंदू राष्ट्र संघ की बैठक हुई सम्पन्न

**हजारीबाग :** हिन्दू राष्ट्र संघ की बैठक बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी के द्वारा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 मई को बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण से संध्या 4:00 बजे हिंदू राष्ट्र संकल्प महारैली निकाला जाएगा। इस महारैली में मुख्य वक्ता अयोध्या से मोहित राज जी आएंगे महारैली संध्या 4:00 बजे जनसमूह बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण से प्रस्थान करेगी तथा छठ तलाव होते हुए झंडा चौक से बड़ा अखाड़ा तक जाएगी संकल्प समारोह बड़ा खड़ा में किया जाएगा हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश संगठन महासचिव दीप प्रकाश नारायण ने सभी झारखंड के सनातनी भाइयों और बहनों से नम्र निवेदन किए कि इस हिंदू राष्ट्र संकल्प महारैली में समय पर उपस्थित होकर सनातनी एकता का परिचय दें एवं संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाएं बैठक में शामिल प्रदेश पदाधिकारी जिला नारी शक्ति नगर कमेटी इत्यादि मौजूद थे।

## बैठक

### सुरक्षा के दृष्टिगत कई बिंदुओ पर हुई चर्चा

# विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

▶▶ लोगों में भय व्याप्त करने की मंशा पर पुलिस सख्त कारवाई करेगी

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की अध्यक्षता में सोमवार को हजारीबाग जिला में संचालित विभिन्न कंपनियों के परियोजना से संबद्ध अधिकारीयों की सुरक्षा के बाबत अपनाई जाने वाली सावधानियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने कुछ दिन पूर्व केरेडारी खनन परियोजना के एक आधिकारी की अपराधियों द्वारा की गई हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने आगे हर परियोजना के सुगम संचालन पर बेहतर माहौल बनाने पर जोर देते हुए हर संभव सहायता देने की बात कही। पुलीस अधीक्षक ने सभी कंपनियों के अधिकारीयों से कहा कि केरेडारी की घटना के बाद उपद्रवियों द्वारा धमकी और पैसे मांगने की घटना की सूचना प्राप्त हो रही है ऐसे में घबराए बगैर हर सूचना को स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन को जानकारी में दे। सभी पारियोजनाऐं राष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रही है इसके संचालन में हमें विशेष सतर्कता के साथ कार्य करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं में संवेदको के द्वारा अनावश्यक समस्या पैदा की भी शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूर्व में भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई बिंदुओ पर कंपनियों के साथ पत्राचार की है जिनमें निजी सुरक्षा गार्ड को रखने, सभी महत्त्वपूर्ण स्थलों में सीसीटीवी का अधिष्ठापन, प्रकाश की समुचित व्यवस्था, कोल डंप यार्ड में फेंसिंग लगाने आदि के निर्देश दिए गए है जो की अबतक पूर्ण नहीं है। अवैध कोल व्यवसाय में लिप्त लोगों द्वारा रात में कोल डंप यार्ड से कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है इसके लिए चारो ओर मजबूत फेंसिंग कराने का सुझाव दिया साथ ही उन क्षेत्रों में मूविंग सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा ताकि हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी को ग्रामीणों के साथ गंभीरता पूर्वक किसी भी बिंदु पर कमिटमेंट करना चाहिए। उन्होंने कंपनी के अधिकारीयों को सुरक्षा के बाबत अपने पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम/भ्रमण की सूचना किसी को नहीं देने को कहा। खनन कार्यों में लगने वाले विस्फोटक/मैगजीन का नियमित रिव्यू करने का निर्देश दिया। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरुप कार्य करने की बात कही एवं कंपनियों का सिक्योरिटी ऑडिट कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन हर सम्भव मदद को तैयार है। आज हमसब एक ही उद्देश्य के लिए बैठक कर रहें है। ऊंचे मनोबल के साथ कार्य करे। इस दौरान सीसीएल,एनटीपीसी, ओएनजीसी,अडानी, जेएसडब्ल्यू कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी अपने अपने सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार मौजूद थे।

## विधायक मनीष जायसवाल ने किया स्टाइलॉक्स शोरूम का उद्घाटन




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर में कपड़ों का नामी ब्रांड स्टाइलॉक्स ने दस्तक दिया। सोमवार को शहर के सिंदूर चौक में बुलेट शोरूम के आगे स्टाइलॉक्स के नए शोरूम का बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां स्टाइल और आरामदेह रेडिमेड मेंस वियर का विशाल कलेक्शन है। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग शहर लगातार बढ़ रहा है। पीछले कुछ सालों में सैकड़ों नामी ब्रांड का फ्रेंचाइजी हजारीबाग में दस्तक दिया है जो इस बात को प्रमाणित करने के लिए काफी है। इससे जहां रोजगार का सृजन होता है वहीं अपने शहर में ही लोगों को अपने पसंद के लायक चीजें मिल पाती हैं।

### विधायक मनीष जायसवाल ने किया कटकमसांडी का दौरा

## करीब 2 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सोमवार को कटकमसांडी प्रखंड का सघन दौरा किया और इस दौरान करीब 2 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास- उद्घाटन किया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत बरगड्डा पंचायत के ग्राम सारूगारु कला निवासी रामदेव राणा के सुपुत्री आंचल कुमारी के शादी समारोह में शरीक होने के साथ किया। सारूगारू के ग्रामीणों की जनसमस्या से रूबरू होने के बाद कटकमसांडी पंचायत के ग्राम लखनू पंहुचे। यहां लखनू मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों संग चर्चा- परिचर्चा की और महायज्ञ के आयोजन में यथासंभव सहयोग का भरोसा ग्रामीणों को जताया। तत्पश्चात कटकमसांडी बस्ती में नदी पर ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) द्वारा डीएमएफटी मद से नवनिर्मित पुल का शिलापट्ट अनावरण कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। इस पुल के निर्माण की स्वीकृति मिली और करीब 98 लाख रुपए की राशि से लगभग 5 स्पेन का पुल बनकर तैयार हो गया। इस पुल के बनने से सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी बस्ती और उलांझ एवं चतरा जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतुरबा, जोरी सहित अन्य गांवों के लोगों को आवागमन और परिवहन में सुविधा होगा।

## चेंबर ऑफ फार्मेस हजारीबाग के शिष्टमंडल मंत्री एवं उपायुक्त से मिलकर किसान की हित की बात कही



▶▶ शिष्टमंडल ने मंत्री को कई सलाह दिए हैं एवं किसानों की समस्या से अवगत कराएं

▶▶ एफ पीओ को सहकारिता के तौर पर जोड़ कर कई तरह के उद्योग चलाया जाएगा,

राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक चेंबर ऑफ फार्मेस हजारीबाग के शिष्टमंडल ने रवि शंकर शुक्ला उपायुक्त दुमका से उपायुक्त आवास दुमका पर मुलाकात किया और कृषि विकास के कार्य बिंदुओं पर चर्चा हुई चेंबर ऑफ झारखंड की भागीदारी कैसे राज्य में हो।

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से शिष्टमंडल ने उपायुक्त शुक्ला के नेतृत्व में मुलाकात किया लंबी परिचर्चा झारखंड के किसानों के विषय पर किया गया। शिष्टमंडल ने मंत्री को कई सलाह दिए हैं एवं किसानों की समस्या से अवगत कराएं। मंत्री ने कहा कि जब हमारे किसान जागरूक होकर संगठित हो जाएंगे उस दिन किसान खुद अपना हक ले सकेंगे मंत्री ने किसानों की समस्या से उसका समाधान के लिए गंभीर है। नवीनतम तकनीकी किसानों तक पहुंचाने के लिए चेंबर ऑफ फार्मरस राज्य के लिए उपयोगी होगा।

एफ पीओ को सहकारिता के तौर पर जोड़ कर कई तरह के उद्योग चलाया जाएगा, जिसमें किसानों का उत्पादन का मूल्य संवर्धन होगा। जल्द ही हजारीबाग रांची में किसानों की बड़ी मीटिंग किया जाएगा जिसमें किसानों की हित की बात होगी मिलने वाले में चेंबर ऑफ फॉर्मेस के अध्यक्ष फुलेश्वर मेहता सचिव सुखदेव राणा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मेहता समेत कई लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटना को आमंत्रित करता पुलिया, ग्रामीणों को हो रही दिक्कत



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड क्षेत्र के पालगंज पंचायत के हेठटोला में बनी पुलिया जर्जर हो चुकी है। जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया किसी बडी घटना को आमंत्रित कर रही है। वहीं विभाग अपनी कुंभकरणी निद्रा में सोई है। पालगंज हेठटोला जोरिया नदी पर बनाई गई पुलिया ध्वस्त हो चुकी है। जिससे यह पुलिया दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। यहां यह बता दें कि इस पुलिया से प्रत्येक दिन सैकड़ों गाड़ी एवं ग्रामीण आर पार होते हैं। मजे की बात यह है कि इसी रास्ते से होकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेड टोला के बच्चे भी आर पार होते हैं ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया वर्षों पूर्व बनाया गया था। हालांकि यह पुलिया से रात के अंधेरे में सैकड़ों अवैध बालू लोड ट्रैक्टर भी गुजरती है। महीनों से जर्जर पुल पर न किसी अधिकारी एवं न जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं गया है जिस कारण ग्रामीणों को पुल से गुजरने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## सहुलियत > तेजतर्रार विद्यार्थियों को मुफ्त पारामेडिकल की पढाई-लिखाई में मिलेगी सहुलियत : डॉ

# श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में होगा स्कॉलरशिप प्रोग्राम

▶▶ स्कॉलरशिप प्रोग्राम में अधिक अंक से उत्तीर्ण हुए पचीस विधार्थियो को पारामेडिकल की दी जाएगी मुफ्त शिक्षा

राष्ट्रीय खबर





**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेन्टल साइंसेस एंड हॉस्पिटल परिसर में स्थित श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस में स्कॉलरशिप प्रोग्राम आगामी 28 मई 2023 को होगा। इस प्रोग्राम के तहत सबसे अधिक अंक लाकर उत्तीर्ण हुए 25 विद्याथीयों को मुफ्त पारामेडिकल की शिक्षा दिया जायेगा। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा प्रायोजित है।

यह कार्यक्रम खास तौर पर उन विद्याथीयों के लिए है। 2023-25 पारामेडिकल कोर्स में दाखिला लेने के लिए आकांक्षी है। परिक्षा की तिथि आगामी 28 मई 2023 को निर्धारित किया गया है। परीक्षा डेमोटांड स्थित हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेन्टल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में ही विधार्थियो को लिया जायेगा। विधार्थी 12वीं की परीक्षा में साइंस विषय से उत्तीर्ण होने चाहिए।

यह परिक्षा ऑफलाइन होगी। मुफ्त पारामेडिकल शिक्षा में कोर्स दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन डीएमएलटी, दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन ओफ्थाल्मिक टेक्नीशियन, दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन ओ.टी. टेक्नीशियन एवं एक वर्ष के लिए सर्टिफिकेट इन ड्रेसर की शिक्षा दी जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए 06546233409, 9431728743 संपर्क करें। श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिक्षा हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण गरीब बच्चे पारामेडिकल की पढाई पुरी नही कर पाते हैं। पुर्व की तरह हमारे इस संस्थान में आगामी 28 मई को स्कॉलरशिप कार्यक्रम आयोजित की गई है। स्कॉलरशिप कार्यक्रम में अधिक अंक लाने वाले 25 विधार्थियो को पारामेडिकल की मुफ्त शिक्षा देने का कार्य किया जायेगा। तेजतर्रार विधार्थियो को मुफ्त पारामेडिकल की पढाई लिखाई में सहुलियत मिलेगी। आसानी से अपनी लक्ष्य की प्राप्ति की ओर आगे बढ पाएंगे। कुछ बनकर चिकित्सीय जगत में अपना अमुल्य योगदान देंगे।

## न्यूज फटाफट

### पीरटांड़ में नक्सलियों द्वारा बंद का दिख मिला-जुला असर



**पीरटांड :** भाकपा माओवादी नक्सलियों के घोषित बंद का असर सोमवार को पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न बाजारों में मिला जुला असर देखा गया। प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य बाजार में दुकानें छिटपुट तरीके से बंद रही। नक्सली बंदी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। यात्री बस एवं अन्य बड़ी वाहन का परिचालन बंद रहा जिससे यात्रियों को यात्रा करने में परेशानी हुई। हालांकि निजी वाहन एवं आटो चलती रही। बंद का असर बैंकों एवं सरकारी कार्यालय में भी मिला जुला दिखा। हालांकि इस दौरान कहीं भी किसी तरह की अप्रिय वारदात की सूचना नहीं है। शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पीरटांड़ थाना,मधुबन थाना,एवं खुखरा थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ सड़कों पर मार्च करते दिखे। नक्सली बंद को लेकर पुलिस रात से ही चाक-चौबंद नजर आई ।नक्सल इलाके के पुलिस के साथ सीआरपीएफ एवं अन्य सुरक्षाबलों की सर्च आपरेशन व मोचार्बंदी दिखी। नक्सली बंदी को देखते हुए रात के समय में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया था। ओर गिरिडीह डुमरी मुख्य मार्ग पर जा रही गाड़ियों को डाइवर्ट भी किया गया। नक्सलियों के किसी भी गतिविधि से निपटने के लिए प्रशासन तैयार नजर आई।

### प्रबंधक समिति अध्यक्ष अजीत प्रसाद ने किया उत्क्रमित विद्यालय शिवाडीह में इनफॉर्मर का वितरण



**बड़कागांव :** बड़कागांव उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह में प्रबंधक समिति अध्यक्ष अध्यक्ष प्रसाद के हाथों विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच यूनिफॉर्म का वितरण हुआ। छात्र-छात्राओं यूनिफॉर्म लेने के साथ उनके चेहरे में काफी खुशी छलक उठे । मौके पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष अजीत प्रसाद ने कहा कि एक ही तरह के परिधान रहने से सभी छात्रों को सामाजिक समरसता एवं अपन तत्व का बोध होता है। आज गरीब छात्राएं भी शिक्षा प्राप्त कर समाज में अपनी उपयोगिता साबित कर रहे हैं गरीब छात्राओं को शिक्षित बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। आगे उन्होंने कहा कि बेहतर समाज के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है शिक्षा के महत्व को देखते हुए झारखंड सरकार समस्त नागरिकों को शिक्षित करने के लिए कई प्रकार का महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है उसी तरह शिक्षा के बिना बेहतर समाज का भी निर्माण संभव नहीं है। मौके पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष अजीत प्रसाद, प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश आदर्श, राम लखन महतो, कृष्णा कुमार, आलोक कुमार, अनिल कुमार दास कृष्ण मुरारी पांडे, अरुण दांगी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### खेत में काम कर रही महिला पर लकड़बग्घा ने किया हमला महिला हुए घायल

**इचाक :** इचाक ग्राम अलोंजा खुर्द में एक महिला को लकड़बग्घा ने हमला कर किया घायल। बता दें कि महिला का नाम लीलावती देवी 28 वर्ष पति सुरेंद्र प्रसाद मेहता सुबह 6:30 बजे अपने खेत पर पकहि गढ़वा में काम करने के लिए गई थी तभी उधर से आकर एकाएक लकड़बग्घा ने हमला कर दिया जब महिला चिलाने लगी तो लोगों ने दौड़कर जान बचाया। घर परिवार वालों ने घायल महिला का इलाज ईचाक सीएचसी में इलाज करा कर घर ले गया। इस बात को लेकर ग्रामीणों में मचा हड़कंप कहीं गांव में घुसकर छोटे बच्चे वह किसी अन्य व्यक्ति पर फिर कभी हमला ना कर दे। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले इसी तरह से खेत में चार रहे बकरा पर भी हमला किया था जिसे लोगों ने लाठी डंडा लेकर दौड़ा तो बकरा का किसी तरह से जान बचा।

### पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ के नेतृत्व में 6 अपराधी को पकड़ कर बारीकी से पूछताछ किया जा रहा है

**हजारीबाग :** हजारीबाग 08/09.05.2023 की रात्रि को केरेडारी थाना क्षेत्रान्तर्गत चट्टी - बरियातु कोल माईन्स में एक सफेद स्कॉर्पियो में सवार अज्ञात 06 (छ) लोगों के द्वारा ऋत्विक कम्पनी में ट्रांसपोर्टेशन का कार्य कर रही कम्पनी की गाड़ियों को डरा-धमका कर ट्रांसपोर्टेशन का कार्य को बाधित किया गया था, जिस संबंध में केरेडारी थाना काण्ड संख्या - 116 / 23, दिनांक-10.05.2023 धारा-147/148/149/385/ 387/353/504/506 / 34 भादवि दर्ज किया गया था। विगत कुछ दिनों से कोल कम्पनियों को मिल रहे धमकी एवं घटित अपराध के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक, मनोज रतन चौथे के द्वारा सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अमित कुमार सिंह बड़कागांव के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त के संबंध में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के गुप्त सूचना एवं तकनीकी शाखा के माध्यम से - 08 / 09.05.2023 की रात्री में घटित काण्ड के संदर्भ में विशेष छापामारी दल के द्वारा प्रयुक्त सफेद रंग के स्कॉर्पियों में सवार छः (06) संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये संदिग्धों से गहन पूछताछ के दौरान यह बात प्रकाश में आई कि उक्त संदिग्धों के द्वारा ही केरेडारी थाना काण्ड संख्या - 116 / 23 की घटना को कारित किया गया था। हिरासत में लिये गये अभियुक्त रामचन्द्र सोनी उर्फ रामा सोनी के द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में उक्त घटना के में बताया कि ट्रांसपोर्टेशन में हो रहे विशेष लाभ के कारण ऋत्विक कम्पनी के जीएम एल भास्कर सिंह के निर्देश पर षड्यंत्र के तहत इस घटना को कारित किया गया था। तकनीकी शाखा के माध्यम से जीएम एल भास्कर सिंह की इस घटना में संलिप्तता की पुष्टि हुई है। इस काण्ड में संलिप्त सभी 06 (छः) संदिग्धों को घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को जप्त करते हुए गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी से बड़कागांव पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में घटित अन्य घटनाओं से संबंधित अहम सुराग को विशेष छापामारी दल के द्वारा तलाशा जा रहा है। साथ ही ऋत्विक कम्पनी के जीएम एल भास्कर सिंह की संलिप्तता की गहन जाँच की जा रही है।

### विश्वविद्यालय पदाधिकारी के नाम पर चला रहे फर्जी फेसबुक

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने के लिए कई गलत हथकंडे असामाजिक तत्वों के द्वारा अपनाए जा रहे हैं। एक नहीं बल्कि कई ग्रुप बनाकर सोशल मीडिया में भ्रामक खबरें भेजी जा रही है। व्हाट्सएप ग्रुप पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार को एक ग्रुप में एडमिन बना दिया गया है। जबकि इसके संचालन में प्रयोग किया गया मोबाइल उनका नहीं है।

## शहर >> अपडेट

### ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल

**कोडरमा :** बीती रात कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई के आईस फैक्ट्री समीप ओटो के अनियंत्रित होकर पलटने से चालक घायल हो गया। घायल की पहचान देवनारायण साव उम्र 34 वर्ष पिता उमाशंकर साव ग्राम चेचाई कोडरमा के रूप हुई। ऑटो डोमचांच से सामान खाली करके बीती रात वापस लौट रहा था। ग्रामीणों की मदद से उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## सिटी अपडेट्स >>

### 16 वर्ष पुराना मामला को समझौता के आधार पर समाप्त किया

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय कोडरमा में आयोजित इस बार के राष्ट्रीय लोक अदालत की सबसे खास उपलब्धि यह रही कि बेंच संख्या 8 द्वारा 16 वर्ष पुराना मामला को समझौता के आधार पर समाप्त किया गया उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007 में कोडरमा निवासी विनोद प्रसाद ने अपने पुत्र विवेक कुमार के लिए इलाहाबाद बैंक झुमरीतिलैया से शिक्षा ऋण लिया था तथा बैंक एवं ऋणी के बीच यह विवाद लम्बे समय से चला आ रहा था इस बार के राष्ट्रीय लोक अदालत में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद के नेतृत्व में गठित बेंच द्वारा बैंक एवं ऋणी के बीच का विवाद सुलह समझौता के आधार पर समाप्त हो गया और ऋणी ने बैंक को ऋण की राशि जमा करने की सहमति प्रदान कर दी। इस प्रकार दोनों पक्षों ने खुशी खुशी संतुष्ट हो कर अपनी अपनी जीत का अहसास किया तथा पुराना मामला निष्पादित हो गया। इस मामले के निष्पादन में बेंच के सदस्य सह स्थायी लोक अदालत के सदस्य बालेश्वर राम व ममता सिंह तथा अधिवक्ता चन्दन कुमार पाण्डेय की भूमिका सराहनीय रही।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बहुओं ने सासुओं का किया सम्मान

**झुमरीतिलैया :** भारतीय सभ्यता और संस्कृति में गाय में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। गौ को माता का स्वरूप मना गया है। ऐसे मे मातृत्व दिवस को लेकर मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने मातृत्व दिवस के अवसर पर सासु माँ, दादी, चाची, फुआ आदि का सम्मान बहुओं के द्वारा किया गया। झुमरी तिलैया की प्रेरणा शाखा ने एक अनोखा कार्यक्रम में घर की बहुओं ने अपनी माँ समान सासु माँ को एक भव्य आयोजन कर उन्हें सम्मान दिया। बहुओं के द्वारा ससुराल में मां स्वरूप सास के लिए उपहार देकर सम्मानित भी किया गया और समाज को एक सन्देश दिया। बहुएं से अपनी माता की तरह स्थान पा कर सासु मां भी काफी प्रफुल्लित हुई और बहुओं को जमकर आशीर्वाद दिया। साथ ही बहुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर ये तो सच है कि भगवान है धरती पर रूप माँ बाप का उस विधाता की पहचान.. गीत पर झुमती नजर आयी। इस अवसर पर विभिन्न तरह के गेम आयोजित हुए। उपस्थित महिलाओं ने गौशाला में गौ पूजन किया और भेंट स्वरुप रोटी, गुड़, सब्जी भी अपने हाथो से खिलाया। मौके पर चायना सिंह, मंजू कन्धवे, शारदा देवी केड़िया, प्रेमलता खेतान, सोनी देवी लड्ढा, संतोष देवी हिसारिया, द्रोपदी जालान, राजा देवी बोहरा, रेनू बजाज, सुजाता बजाज, प्रमिला तुलसीयान सहित कई बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित किया गया। मंच की अध्यक्ष श्रेया केड़िया ने कहा कि महिलाएं ममता, करुणा और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति होती है। महिलाओं के लिए मात्र एक दिन मातृत्व दिवस मनाने का मुख्य उदेश्य माताओ का सम्मान करना है। सचिव सारिका लड्डा ने कहा कि मदर्स डे एक ऐसा दिन होता है।

**निर्देश** निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

▶▶ आंगनबाड़ी भवन निर्माण में नियमों का उल्लघंन,

▶▶ ईलाज करने हेतु मदद करने, पदस्थापन कार्यालय परिवर्तन करने,

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

आज के जनता दरबार में आंगनबाड़ी भवन निर्माण में नियमों का उल्लघंन, ईलाज करने हेतु मदद करने, पदस्थापन कार्यालय परिवर्तन करने, आईटीआई डोमचांच से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋण-जमा अनुपात वृद्धि, केसीसी ऋण की उपलब्धि, शिक्षा ऋण, कृषि ऋण संबंधी उपलब्धियों, प्रधानमंत्री जनधन खाते में आधार एवं मोबाइल सीडिंग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समेत कई बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कार्यों की प्रगति पर समीक्षा किया गया। पिछले समीक्षा बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार बैंकों द्वारा चालू तिमाही में ऋण वृद्धि की गयी है। सभी बैंकर्स को सीडी रेशियो में वृद्धि लाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार सजृन योजना, मुद्रा लोन, पईएमएफएमइ संबंधित लक्ष्य को शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करें। उन्होंने जिला अग्रणी प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में अनुपस्थित रहने वाले बैंक प्रतिनिधि के बारे में उच्च अधिकारी को सूचित करेंगे और अनुपस्थित रहने वाले सभी बैंकर्स रिपोर्ट के साथ अगली बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रुप से आरबीआई प्रतिनिधि, जिला अग्रणी प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, जिला कृषि पदाधिकारी समेत जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बोलेरो और मोटरसाइकिल की टक्कर, एक गंभीर रूप से घायल



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप बोलेरो और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल की पहचान पिंटू चौधरी उम्र 35 वर्ष पिता बैजनाथ चौधरी ग्राम चौबे के रूप हुई है। जानकारी के अनुसार तिलैया पटेल नगर का पिंटू अपनी मोटरसाइकिल से डोमचांच से कोडरमा की तरफ जा रहा था। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

# विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का हुआ आयोजन

▶▶ 7 करोड़ से अधिक की परिसम्पत्तियों का वितरण

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में कोडरमा स्थित जिला न्याय सदन सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया' इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया एवं उनके बीच सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक-सह-सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा कुमार गौरव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्रधान जिला जज विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति साधन के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सकता तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के सक्रिय सहयोग के कारण आज कई लाभुकों को बुनियादी सुविधाओं से सम्बंधित लाभ दिया जा रहा है' उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम आदमी तक पहुँच सके इसके लिए बिचौलियों से बचना होगा और जागरूक होकर हर आदमी को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेना होगा।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि इस प्रकार का विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण कार्यक्रम आम लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है एवं लोगों को जागरूक होकर ऐसे योजनाओं का लाभ लेने की आवश्यकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मांगे पूरी नहीं होने पर किया जाएगा आंदोलन: जानकी



**राष्ट्रीय खबर**

**जयनगर:** पूर्व मध्य रेल धनबाद मंडल के शमार्टांड स्टेशन के उत्तरी और दक्षिणी दिशा में नई रेल निर्माण परियोजना से मानव व पशु के आवागमन में भारी संकट उत्पन्न को देखते हुए वैकल्पिक संपर्क पथ आवागमन हेतु 15 फीट का रास्ता उपलब्ध कराने के संबंध में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंडल प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे धनबाद तथा स्टेशन प्रबंधक शमार्टांड को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि कई बार लिखित आवेदन देने के बावजूद भी समस्या का निदान नहीं हो सका। शमार्टांड स्टेशन के उत्तरी एवं दक्षिणी दिशा में शमार्टांड गांव है, इसके समीप रेलवे पानी टंकी से लेकर शमार्टांड बाजार तक आने-जाने का रास्ता को बंद कर दिया है। जबकि उसी दिशा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का निर्माण कर लोगों के आवागमन की सुविधा सरकार द्वारा दिया है। परंतु उक्त स्थान से रेलवे की जमीन भू नक्शा में एल आकार का बना हुआ है। ऐसी परिस्थिति में आम आवाम एवं ग्रामीण जनता एवं जानवरों को उक्त घेराबंदी के कारण आवागमन बंद हो गया। 15 फीट रास्ता निर्माण किए जाने को लेकर कई लोगों ने एक साथ आवाज उठाने का काम किया। मौके पर मुखिया सविता देवी, पूर्व मुखिया श्याम सुंदर यादव, सुरेश प्रसाद यादव, गोविंद राणा, संदीप राणा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## डोमचांच के डॉ विश्वजीत आनंद की सफलता पर मिली बधाई

**राष्ट्रीय खबर**

**डोमचांच:** नगर पंचायत निवासी डॉ विश्वजीत आनंद (पिता संतोष कुमार) ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में 473वां स्थान लाकर पूरे जिला का नाम रौशन किया है। उन्होने नीट पीजी में भी 1800वां स्थान लाया था। विश्वजीत आनंद शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। उन्होंने बताया कि वह रेडियोलॉजिस्ट बनना चाहता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय दादा डॉ भगवान प्रसाद, दादी देयवंती देवी व माता बिंदू देवी को दिया। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा संत क्लेयर्स से हुई, 12 वीं की पढ़ाई इंटर कॉलेज नवादा बिहार व एमबीबीएस की पढ़ाई बैंगलोर मेडिकल कॉलेज से किया। सफलता पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, डॉ पी मिश्रा, मुखिया बेदू साव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, झामुमो केन्द्रीय कमिटी सदस्य गोपाल यादव, प्रमुख सत्यनारायण यादव, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पु मेहता, डॉ रणजीत विश्वास, डॉ संदीप घोष, जिप सदस्य शांति प्रिया, साहू समाज जिलाध्यक्ष भीम साव, विजय साव, साहू समाज पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जून साव, पूर्व प्राचार्य सुखदेव प्रसाद सिंह, मुरली राम, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, डॉ विनोद कुमार, राष्ट्रीय तेली साहू समाज जिलाध्यक्ष किशोर साव, व्यवसायी संघ अध्यक्ष प्रदीप साव, नकूल साव, बसंत मेहता, मनोज रजक, शैलेन्द्र सिंह, दिलीप साव, वीरेन्द्र साव, डॉ मनोज कुमार, डॉ आशीष कुमार, डॉ विशाल कुमार ने बधाई दी है।

**आयोजन** अग्नि प्रवेश सहित कई अनुष्ठान समपन्न

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का तीसरा दिन

▶▶ मंडप फेरी और भागवत कथा में उमड़ी भीड़

▶▶ सोना व हीरे मोती से अधिक मूल्यवान है राम का नाम- आराध्या दीदी

**राष्ट्रीय खबर**



**कुडू :** कुडू के में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तीसरे दिन अग्नि प्रवेश संस्कार सहित कई अनुष्ठान किया गया। बिना ज्वलंत पदार्थ के मंत्रोच्चार के साथ लकड़ी पर मंथन कर अग्नि प्रज्वलित कर यज्ञशाला में प्रवेश कराया गया। अग्नि मंथन व संस्कार देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में भक्तगण शामिल थे। वही प्रातः काल से अपराह्न तक फेरी देनेवालों की भीड़ पाया गया। सोना व हीरे मोती से अधिक मूल्यवान है राम का नाम-आराध्या दीदी। यज्ञ स्थल पर भागवत कथा के तीसरे दिन अपने संगीतमय प्रवचन में प्रसिद्ध बाल कथावाचक आराध्या दीदी ने कहा की सोने-चांदी, हीरे-मोती से अधिक मूल्यवान भगवान राम का नाम है। इस बात को कबीर जी ने भी कहा है। भगवान का बराबर नाम लेने से जमा हुए धर्म रूपी धन समय आने पर स्वयं हमारे जीवन मे आ जाता है, और इसके प्रभाव से अनहोनी भी होनी में बदल जाता है। अगर घर का कोई बच्चा भगवान के बताए राह पर चले और भगवान के भक्ति में लगा रहे तो अभिभावकों को रोकना नही चाहिए।

नेमी सारण वन की कथा सुनाते हुए राज हठ, बाल हठ, पत्नी हठ का प्रसंग प्रस्तुत कर पर्वती जी के हठ पर भगवान शंकर जी द्वारा सुनाया गया अमर कथा की कहानी बतायी। भागवत का मतलब भ-भक्ति,ग-ज्ञान व-वैराग्य,त-तप करने जो फल मिलता है, वह भागवत कथा सुनने से मिलती है। यज्ञाचार्य पंडित धनंजय शास्त्री ने कहा कहा कि मुक्तिदायनी कथा है भागवत गीता। संगीतमय भागवत कथा में लोगो की भारी भीड़ उमड़ी।

## न्यूज फटाफट

### छतों के ऊपर पक्षियों के लिए दाना पानी रखें- हुजैफा आलम



**जयनगर :** प्रखंड के अल्फा इंटरनेशनल स्कूल जयनगर (बेलकतरी रोड) में स्कूल के प्राचार्य हुजैफा आलम ने विद्यार्थियों को बताया कि गर्मी में पानी हमारे लिए कितना जरूरी है ये तो हम सभी जानते हैं। पानी हम खुद पी सकते हैं या किसी से पूछकर भी ले सकते हैं लेकिन नन्हें पक्षियों को पानी के लिए हमारी मदद की जरूरत होती है। जैसा कि जल की कमी है, और जंगल कम हो रहे हैं, शहर में जल निकायों की कमी है। हम भी इंसान के रूप में अपना काम कर सकते हैं। यह मेरी तरफ से एक छोटी अपील है, मुझे आशा है कि आप भी अपना हिस्सा करेंगे। उन्होंने कहा कि आप भी अपने छतों के ऊपर पक्षियों के लिए पानी एवं दाना रखें। मौके पर शिक्षक निकिता कुमारी, अंकिता यादव, शबनम परवीन, शालिनी पांडेय, जावेद खान, सुतापा विश्वास, सना खान मौजूद थे।

### मंडा पूजा रविवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया



**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के उमेडंडा गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा रविवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व शनिवार की शाम में लगभग 300 भक्तियों ने धुँआसी, लोटनसेवा, फुल खुंदी आदि अनुष्ठान में भाग लिए। और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हर हर महादेव के जयघोषों के बीच भक्तियों ने दहकते अंगारे पर खुले पैर चलकर शिव भक्ति का परिचय दिया। और रात्रि में उमेडंडा में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम मेला मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथी प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपाई, भाजपा के प्रदेश के नेता मोहन जायसवाल, पूर्व प्रखंड उप प्रमुख जगजीवन महतो, भाजपा के सुनील साहू, रतन प्रकाश सिंह, आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। रविवार को झूलन सह मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवित्र पुष्प पाने की होड़ मेलार्थियों में देखी गई। मंडा मेला के झूलन आयोजन में भाजपा के प्रदेश के नेता मोहन जायसवाल, प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो, भाजपा के सुनील साहू, रतन प्रकाश सिंह, सहित कई अतिथि शामिल हुए। और मेला सफल आयोजन में कमेटी के लोगों के साथ लोगों ने अपना सराहनीय भूमिका निभाया।

### कसियाडीह के जर्जर पुल के स्थान पर नया पुल का निर्माण करवाए प्रशासन : आलोक साहू



**कुडू :** किसको प्रखंड के ग्राम कसियाडीह के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कसियाडीह ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने साहू को बताया कि पाखर- कसियाडीह पथ में स्कूल के पास पुल का निर्माण लगभग 25 वर्ष पूर्व हुआ था। पुल अंदर से खोखला हो गया है। इस सड़क पर ट्रकों का भी आवागमन होता है। पुल जर्जर होने के कारण यह कभी भी ध्वस्त हो सकता है जिसके बाद आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो जाएगा। ग्रामीणों ने श्री साहू से अविलंब नया पुल बनवाने की मांग किए। मौके पर साहू ग्रामीणों के साथ जर्जर पुल का मुआयना किया तो पाया कि पुल अंदर से खोखला हो गया है। यहां नया पुल बनाना अति जरूरी है ताकि भविष्य में कोई अनहोनी नहीं हो। साहू ने ग्रामीणों को बताया कि किसको प्रखंड मुख्यालय से जर्जर हुए पुल के स्थान पर नए पुल बनाने का प्रस्ताव लोहरदगा विकास शाखा भेजा जा चुका है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। साहू ने इस मामले को लेकर मौके पर से ही लोहरदगा उप विकास आयुक्त से वार्ता कर शीघ्र जर्जर पुल को बनवाने की बात कहें,उप विकास आयुक्त ने इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व पंचायत सदस्य अबू सना परवेज, अंजुमन सदर शमसुद्दीन, अंजुमन सचिव अब्दुल अजीज, जफर इकबाल, बालमुकुंद यादव, शिव कुमार उरांव, कमरुद्दीन अंसारी सहित अनेकग्रामीण उपस्थित थे।

### बीडीओ ने पंचायतों में चलाई जा रही विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में विकास योजनाओं का की समीक्षा बैठक की गई। बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चलाई जा रही विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बीडीओ ने लंबित योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निर्देश पंचायत सचिवों को दिया। कहा कि लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को अविलंब पूरा करे। समय पर अगर कार्य पूरा नही हुआ तो इसकी सारी जवाबदेही पंचायत सचिव की होगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बरसात से पूर्व सभी लंबित आवास योजना को पूर्ण करे। बैठक के दौरान बीडीओ ओर मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शत्रुधन कुमार ने मनरेगा योजना के तहत पंचायतों में कराए जा रहे विकास योजनाओं की समीक्षा पंचायतवार करते हुए ग्राम रोजगार सेवकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि पेटरवार प्रखंड के पंचायतों में संचालित मनरेगा योजनाओं में मेंडेज बढ़ाने और महिला मजदूरों को प्राथमिकता के आधार पर उसकी संख्या में वृद्धि करे ताकि पंचायतों में मनरेगा के कार्यो को गति दिया जा सके।

## न्यूज फटाफट

### थाईलैंड पैरा बैडमिंटन में भारत की सोना-चांदी



**पट्टाया (थाईलैंड):** शीर्ष भारतीय पैरा शटलर प्रमोद भगत ने थाईलैंड पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय 2023 में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन और युगल जोड़ीदार सुकांत कदम ने रजत के साथ अपना अभियान समाप्त किया। प्रमोद ने रविवार को खेले गये एसएल3 पुरुष एकल फाइनल के पहले गेम में इंग्लैंड के डेनियल बेटहेल को 21-18 से हराया। बेटहेल चोट के कारण बाकी का मुकाबला नहीं खेल सके और रजत से संतोष किया। दूसरी ओर, सुकांत कदम एसएल4 पुरुष एकल वर्ग के 53 मिनट तक चले फाइनल में हमवतन सुहास ललिनकेरे यतिराज से 14-21, 21-17, 11-21 से हार गये। प्रमोद ने जीत के बाद कहा, ''मैं टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं अच्छा खेल रहा था और मैंने जो कुछ भी योजना बनाई थी उसे लागू कर रहा था। मुझे उम्मीद है कि डेनियल जल्द ही ठीक हो जाएंगे क्योंकि उनका सामना करना हमेशा मजेदार होता है।'' प्रमोद और सुकांत ने पुरुष युगल फाइनल में भी नीतेश कुमार और तरुण को 18-21, 21-14, 21-19 से मात देकर देश के लिये दूसरा स्वर्ण जीता। प्रमोद ने कहा, ''युगल में, नितेश और तरुण ने खेल जीतने की बहुत कोशिश की। जिस तरह से हमने जवाब दिया और मैच खत्म किया उससे मैं खुश हूं।''

### बार्सिलोना ने पांच साल बाद जीता ला लीगा खिताब



**मैड्रिड:** एफसी बार्सिलोना ने स्पैनिश फुटबॉल चैंपियनशिप के 34वें चरण में आरसीडी एस्पेन्योल को हराकर ला लीगा का खिताब जीत लिया है। कॉर्नेला एल-प्रैट स्टेडियम पर रविवार को खेले गये मुकाबले में बार्सिलोना ने 4-2 की जीत के साथ पांच साल बाद ला लीगा की ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने अंक तालिका में 85 अंक हासिल कर लिये। तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड (71 अंक) के लिये यहां तक पहुंचना असंभव है। बार्सिलोना ने जीत के बाद ट्वीट किया, ''ला लीगा हमारा है, और भविष्य भी।''

### इस प्रदर्शन का आंकलन करने में वक्त लगेगा : सैमसन



**जयपुर:** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों 112 रन की विशालकाय हार के बाद 'निशब्द' नजर आये राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा है कि उन्हें अपनी टीम बल्लेबाजी का आंकलन करने में थोड़ा समय लगेगा। आरसीबी ने रविवार को खेले गये मुकाबले में रॉयल्स के सामने 172 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में सैमसन की टीम 10 .3 ओवर में 59 रन पर ऑलआउट हो गयी। आईपीएल तालिका में 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर मौजूद रॉयल्स का हालिया प्रदर्शन विस्मरणीय रहा है और उसे पिछले पांच में से सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। सैमसन ने मैच के बाद अपनी टीम के प्रदर्शन पर कहा, ''मैं यही सोच रहा था कि हमसे कहां चूक हुई। माफ कीजियेगा, मेरे पास अभी इसके बारे में कोई जवाब नहीं है।

**सजा** सीएसके को हराने के बाद भी KKR के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई

# जीत की खुशी में 24 लाख के जुर्माने ने लगाई सेंध

▶▶ नितिश राणा पर 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है

**एजेंसियां**



**नई दिल्ली:** आईपीएल 2023 में 14 मई को चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में केकेआर ने जीत हासिल की है। मगर कोलकाता नाइट राइडर्स को मिली जीत के बाद भी ये मुकाबला जीतने की खुशी टीम अधिक समय तक नहीं रख पाई।इस मुकाबले में छह विकेट से चेन्नई सुपर किंग्स को हराने और प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीद को जारी रखने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स को बड़ा धक्का लगा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितिश राणा पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में धीमी ओवरगति के लिये 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा , इस सत्र में धीमी ओवरगति को लेकर टीम का यह दूसरा अपराध है लिहाजा राणा पर 24 लाख रुपए और अंतिम एकादश के हर सदस्य पर छह लाख रुपए या मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। केकेआर ने छह विकेट से जीत दर्ज की और प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई है।

बता दें कि ये इस सीजन में दूसरा मौका है जब कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पर धीमी ओवर की गति के कारण जुमार्ना लगा है। ये जुमार्ना टीम और उसके खिलाड़ियों पर आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के धीमी ओवर से संबंधित नियम के मुताबिक लगाया गया है।

कोलकाता ने ऐसे हासिल की जीत सुनील नारायण (15 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान नितीश राणा (नाबाद) और रिंकू सिंह (54) के बीच 76 गेंद में 99 रन की साझेदारी के दम पर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल टी20 मैच में रविवार को चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपरकिंग्स को छह विकेट से शिकस्त दी। चेन्नई को छह विकेट पर 144 रन पर रोकने के बार केकेआर 18.3 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर की 13 मैचों में यह छठी जीत है और टीम 12 अंक के साथ अगर-मगर के प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। चेन्नई के पास इस मैच को जीत कर प्लेऑफ में जगह पक्की करने का मौका था लेकिन उसे अब इंतजार करना होगा।

लक्ष्य का बचाव करते हुए चेन्नई ने पावर प्ले में तीन विकेट चटका अच्छी शुरूआत की थी लेकिन रिंकू और नितीश ने इस मैदान पर चौथे विकेट के लिए चेन्नई के खिलाफ रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। नितीश को 11वें ओवर में मोईन अली की गेंद पर मथीश पथिराना ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। उस समय वह 18 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 44 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया। मैन ऑफ द मैच रिंकू ने 43 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के जड़े। चेन्नई के लिए दीपक चाहर ने तीन ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट चटकाये। वह इस दौरान आईपीएल के पावरप्ले में 50 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले नारायण के अलावा चक्रवर्ती को दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने चार ओवर में 36 रन खर्च किये।

## खेल जगत अपडेट्स »

### प्रो लीग के लिये टीम घोषित, पाठक की हुई वापसी



**नयी दिल्ली:** हॉकी इंडिया ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिये सोमवार को घोषित 24-सदस्यीय टीम में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को शामिल किया है। पाठक पारिवारिक कारणों से प्रो लीग के घरेलू मैचों में हिस्सा नहीं ले सके थे। यूरोप में वह अनुभवी गोलकीपर और टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट पीआर श्रीजेश का साथ निभाएंगे, जबकि भारतीय डिफेंस की जिम्मेदारी हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय और मंदीप मोर के हाथों में होगी। यह नवनियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की अगुवाई में भारत का पहला अभियान होगा, जबकि कप्तान हरमनप्रीत और उप-कप्तान हार्दिक सिंह अपनी-अपनी भूमिकाओं में बरकरार रहेंगे। मिडफील्ड में अपना लोहा मनवा चुके मनप्रीत सिंह बैकलाइन में सुमित और गुरिंदर सिंह के साथ नयी भूमिका में नजर आयेंगे। मिडफील्ड में इस बार उप-कप्तान हार्दिक सिंह के साथ दिलप्रीत सिंह, मोइरांगथेम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद होंगे। एशिया कप 2022 के बाद चोट के कारण टीम से बाहर होने वाले सिमरनजीत सिंह फॉरवर्ड पंक्ति में वापसी करेंगे। अभिषेक, ललित कुमार उपाध्याय, एस कार्ति, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, राज कुमार पाल और मनदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों से सजी फॉरवर्ड पंक्ति में युवा प्रतिभा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण होगा। मुख्य कोच फुल्टन ने टीम चयन पर कहा, ''बेल्जियम, हॉलैंड, ग्रेट ब्रिटेन और अर्जेंटीना के खिलाफ आगामी प्रो लीग टूर्नामेंट के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे मैं खुश हूं। हमारी मौजूदा विश्व रैंकिंग विश्व कप के बाद टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाती है। यह टूर्नामेंट हमारे लिए शीर्ष क्रम की टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने और अपने समग्र खेल में सुधार करने का एक शानदार अवसर होगा। हम चुनौती का इंतजार कर रहे हैं।

## भारत को टी20 में रोहित, कोहली से आगे बढ़ना होगा : शास्त्री

**एजेंसियां**



**मुंबई:** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि भारत अब टी20 अंतराष्ट्रीय में विराट कोहली और रोहित शर्मा से आगे बढ़कर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को मौका दे। मौजूदा आईपीएल सीजन में युवाओं के प्रदर्शन से प्रभावित शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के एक कार्यक्रम पर कहा, ''आने वाली टी20 सीरीज में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए, उन्हें अनुभव लेने देना चाहिये। चयनकर्ताओं को अभी से ही इसके लिए काम शुरू कर देना चाहिए।''

उल्लेखनीय है कि यशस्वी जायसवाल, जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और प्रभसिमरन सिंह जैसे युवाओं ने आईपीएल 2023 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है।

शास्त्री का कहना है कि अगर वह चयनकर्ता होते तो आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को टीम में जगह देते, जबकि विराट और रोहित जैसे बड़े खिलाड़ियों को खेल के लंबे प्रारूपों के लिये रखते। उन्होंने कहा, ''रोहित, विराट कोहली जैसे खिलाड़ी अपने आप को साबित कर चुके हैं और आप जानते हैं कि वे क्या हैं। लेकिन मैं आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को आगे लाना चाहूंगा जिससे उन्हें अपनी काबिलियत को साबित करने का अवसर मिले। विराट और रोहित एकदिवसीय क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिये सही हैं।'' दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग होने के बावजूद भारत पिछले 16 साल से टी20 विश्व कप नहीं जीत सका है।

## मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी नेहल वढेरा को मिली अनोखी सजा

**एजेंसियां**



**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में मुंबई इंडियंस ने शुरूआती खराब मुकाबले खेलने के बाद जबरदस्त वापसी की है। टीम के लिए सूर्यकुमार यादव हो या नेहल वढेरा सभी खिलाड़ी दमदार भूमिका में नजर आ रहे है। टीम को अभी दो मुकाबले और खेलने हैं जो कि लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के साथ खेले जाएंगे।इन दोनों मुकाबलों से पहले मुंबई की टीम एयरपोर्ट पर थी, जहां टीम के खिलाड़ी नेहल वढ़ेरा का एक फोटो काफी ट्रेंड कर रहा है। इस घटना का वीडियो मुंबई इंडियंस की टीम ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है जिसमें टीम एयरपोर्ट पर दिख रही है। इस वीडियो में खिलाड़ी नेहल वढ़ेरा को सजा दी जा रही है, जो काफी मजेदार अंदाज में दिख रहा है। **ये है मामला**

इस वीडियो में नेहल एयरपोर्ट पर है और पैरों में उन्होंने बैटिंग पैड्स भी पहने हुए है। नेहल इस लुक में काफी शर्मिंदा होते हुए दिख रहे है। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है कि नेहल वढ़ेरा को मीटिंग में देरी से आने के लिए सजा दी गई है। बता दें कि मुंबई इंडियंस की मीटिंग में जो भी खिलाड़ी देर से आता है उसे सजा दी जाती है। पहले भी देर से आने वालों को जंपसूट पहनने की सजा दी गई थी। हालांकि नेहल को मिली इस सजा के बाद उम्मीद है कि अगली बार वो ऐसी गलती नहीं करेंगे।

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की लव स्टोरी

# विदेशी मुलाकात कैसे बनी 'शुद्ध देसी रोमांस'



**एजेंसियां**

**मुंबई:** राजनीति और मनोरंजन की दुनिया ने हमेशा जनता को आकर्षित किया है। हालाँकि, कभी-कभी, बॉलीवुड सितारों का आकर्षण और राजनेताओं की अपील प्रेम संबंधों को प्रज्वलित करती है जो जनता की कल्पना पर कब्जा कर लेती है।लेडीज वर्सेज रिकी बहल, हंसी तो फंसी, इश्कजादे, शुद्ध देसी रोमांस, मेरी प्यारी बिंदु, केसरी और अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाने वाली परिणीति चोपड़ा बॉलीवुड उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम हैं। दूसरी ओर राघव चड्ढा संसद के सबसे कम उम्र के सदस्य के रूप में जाने जाते हैं और उन्होंने अपनी राजनीतिक उपलब्धियों और अपने उल्लेखनीय रूप दोनों रुप से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। बॉलीवुड सितारों और राजनेताओं के बीच का रिश्ता कोई नई कहानी नहीं है। हाल ही में परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के साथ भी ऐसा ही हुआ।

आप सांसद राघव चड्ढा और बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के बीच संबंधों की ताजा अफवाहों से इंटरनेट जाल की तरह फैला दी गयी। पिछले 1 महीने से लगातार रोके और सगाई की खबरें आ रही थी। दोनों की जोड़ी को अक्सर बाहर देखा जा चुका है। हाल ही में उनके क्रिकेट स्टेडियम में आउटिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब उनके रिश्ते को लेकर अफवाहें वायरल हुई हैं। दोनों की साथ में खाना खाते हुए तस्वीरें भी पहले वायरल हो चुकी हैं। जबकि कई लोगों ने पहले अनुमान लगाया था कि वे अप्रैल में सगाई करने वाले थे, दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ।

इस वजह से, उनके प्रशंसक बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ राजनेता के संबंध को जानने के लिए और भी उत्सुक हो गए हैं।यह पुष्टि हो गई है कि वे निश्चित रूप से रोमांटिक रूप से जुड़ गये हैं और 13 मई को दिल्ली में दोनों ने सगाई की। राघव और परिणीति ने खुद सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की। अब जल्द ही ये दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उनका रिश्ता नया नहीं है। वे एक-दूसरे को दशकों से जानते हैं। परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की लव स्टोरी दिलचस्प है।

## पवन सिंह की फिल्म 'हर हर गंगे' का टीजर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म 'हर हर गंगे' का टीजर रिलीज हो गया है। चंदन कन्हैया उपाध्याय के निर्देशन में बन रही फिल्म 'हर हर गंगे' के टीजर में पवन सिंह अपने कंधे पर मगरमच्छ को उठाये हुए नज़र आ रहे हैं। निर्देशक चंदन उपाध्याय ने कहा, ह्यहर हर गंगेह्न हम सब का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसकी शूटिंग वारणसी में की गई है।

इस फिल्म में कई ऐसे दृश्य हैं जिन्हें देखकर दर्शकों के रौंगटे खड़े हो जायेंगे। फिल्म के टीज़र को जिस तरह का रेस्पॉन्स मिल रहा है, उससे दर्शकों के बीच उत्सुकता और बढ़ गई है।हर हर गंगे की शूटिंग बॉलीवुड और साउथ के अंदाज़ में की गई है। पवन सिंह का एक्शन अवतार लोग टीज़र में भी पसन्द कर रहे हैं। इस तरह की भोजपुरी फिल्म पहली बार बिग स्क्रीन पर दिखाई देने वाली है, जिसकी मेंकिग से लेकर पोस्ट प्रोडक्शन तक बॉलीवुड स्टाइल में हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म हर हर गंगे की कहानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ गंगा अभियान से प्रेरित है। इस फिल्म के निर्माता अभय सिंह, एके पांडे, वाईआर वर्मा हैं। पवन सिंह के अलावा इस फिल्म में अरविंद अकेला कल्लू, स्मृति सिन्हा, अमित तिवारी सुशील सिंह श्रेया राय और अनुराधा सिंह जैसे कई कलाकार भी दिखाई देने वाले हैं। सिलेमा आर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म हर हर गंगे के लेखक राजेश पाण्डेय, संगीतकार ओम झा, मधुकर आनंद, छोटे बाबा और डीओपी महेश वेंकट हैं।

### संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म कोको का टीजर रिलीज

**मुंबई:** बॉलीवुड निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की आने वाली फिल्म कोको का टीजर रिलीज हो गया है। 'अर्जुन रेड्डी' और 'कबीर सिंह' जैसी सुपरहिट फिल्म बना चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अपने प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली अगली फिल्म ह्यकोकोह्न का ऐलान कर दिया है। उन्होंने इस फिल्म का ऐलान करते हुए एक टीजर जारी किया है। यह फिल्म साई-फाई एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन खुद संदीप रेड्डी वांगा नहीं कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन जय कुमार करेंगे।

## निरहुआ- आम्रपाली दुबे की फिल्म 'माई - प्राइड ऑफ भोजपुरी' का ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** भोजपुरी अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म 'माई - प्राइड ऑफ भोजपुरी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'माई - प्राइड ऑफ भोजपुरी' के ट्रेलर को जियो स्टूडिओ से रिलीज किया गया है। जिसे निर्माता निशांत उज्वल, अभिनेता सह सांसद दिनेशलाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से शेयर किया। निशांत उज्जवल ने बताया कि मैंने अब तक जितनी फिल्म बनाई उसमें फिल्म 'माई - प्राइड ऑफ भोजपुरी' सबसे बेहतरीन है। फिल्म काफी अच्छी है। फिल्म को जियो सिनेमा पर 16 मई को स्ट्रीम किया जाएगा। भोजपुरी सिनेमा के दर्शक इस फिल्म को जियो सिनेमा के एप पर फ्री देख पाएंगे। इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। उन्होंने कहा कि लोग इसे देखें और अपना प्यार -आशीर्वाद दें। हमारी फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोग देखे, इसलिए हमने जियो सिनेमा पर फिल्म को रिलीज करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि जियो स्टूडियो प्रस्तुत यशी फिल्म्स ,अभय सिन्हा एवं रेणु विजय फिल्म्स इंटरटेनमेंट कृत एक मां बेटे की कहानी पर आधारित फिल्म माई - प्राइड ऑफ भोजपुरी में लीड रोल में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, अवधेश मिश्रा एवं किरण यादव हैं। इनके अलावा अमित शुक्ला, चिरकुट भाई , रोहित सिंह मटरू, धामा वर्मा, सृष्टि पाठक, संतोष पहलवान, अमित शर्राफ, बृजेश त्रिपाठी, रिंकू भारती गोस्वामी, किरण यादव,संतोष पहलवान भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म की निर्माता ज्योति देशपांडे और निशांत उज्वल हैं। निर्देशक और संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं। डीओपी प्रमोद पांडेय हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव और संतोष उत्पाती हैं। एडिटर जितेंद्र सिंह जीतू हैं। सह निर्माता डॉ संदीप उज्जवल और सुशांत उज्जवल हैं।

## सात इंस्पेक्टर को किया गया विरमित

रांची:जिले में पदस्थापित सात इंस्पेक्टर को एसएसपी किशोर कौशल ने विरमित कर दिया है। जिन इंस्पेक्टर्स को विरमित किया गया है, उसमें राजीव रंजन लाल, अहमद अली, रमेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सपन कुमार महथा, राजीव कुमार और नवल किशोर प्रसाद शामिल हैं। गौरतलब है कि बीते 26 अप्रैल को झारखंड पुलिस ने अलग-अलग जिले में पदस्थापित 38 इंस्पेक्टर, मेजर और सार्जेंट मेजर का तबादला कर दिया था।

जल संकट | जरूरत है 100 की उपलब्ध हो रहे मात्र 25 टैंकर

# राजधानी में पानी के लिए मचा हाहाकार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** गर्मी का मौसम आते ही राजधानी रांची में जल संकट शुरू हो जाता है। विभिन्न मोहल्लों में पानी के लिए लोगों में हाहाकार मच जाता है। राजधानी रांची के हरमू, विद्यानगर, गंगानगर, कोकर जैसे इलाकों में पानी की किल्लत को देखते हुए निगम की तरफ से टैंकर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह नाकाफी साबित हो रही है। नगर आयुक्त शशी रंजन कुमार ने बताया है कि नए ट्रैक्टर खरीदाने के बाद पानी की समस्या दूर हो जाएगी।निगम के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 25 से 30 टैंकरों से पानी मुहैया कराया जा रहा है।

जबकि प्रतिदिन सौ टैंकर से ज्यादा पानी का खर्च है। लोगों की जरूरतों को देखते हुए निगम में जो टैंकर उपलब्ध हैं, उससे दो से तीन बार तक पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए ट्रैक्टर ड्राइवरों की ड्यूटी बढ़ा दी गई है।टैंकरों की कम संख्या को देखते हुए नगर निगम के आयुक्त शशी रंजन कुमार बताते हैं कि निगम की तरफ से जल्द ही नए टैंकरों की खरीदारी की जाएगी। लोगों को और भी बेहतर और स्वच्छ पानी मिले, इसको देखते हुए सभी नए टैंकर स्टेनलेस स्टील के खरीदे जाएंगे। उन्होंने बताया कि रांची नगर निगम में पुराने जो भी टैंकर हैं, उसमें कई खराब हो गए हैं। जिसकी मरम्मत भी कराई जा रही है। वहीं जो टैंकर काम नहीं कर रहे हैं, उसे रिप्लेस किया जा रहा है।

गौरतलब है कि राजधानी रांची के निगम क्षेत्र के कुल 53 वार्डो में से करीब 10 से 15 वार्ड ड्राई जोन में आ जाते हैं। कई ऐसे घर है, जहां गर्मी आते ही मोटर फेल हो जाते हैं। उन्हें पानी के लिए निगम के टैंकरों का इंतजार करना पड़ता है। कई मोहल्लों में सुबह 10:00 बजे तक पानी पहुंच पाता है, क्योंकि टैंकर पर्याप्त संख्या में नहीं है। अब देखने वाली बात होगी की कब तक नए टैंकर खरीदे जाते हैं?

## झारखंड में साइबर क्राइम रोकने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके लिए पांच दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार की साइबर यूनिट और उत्तराखंड पुलिस की साइबर यूनिट की टीम झारखंड के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित कर रही है।बता दें कि झारखंड में साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए झारखंड पुलिस लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन इसके बावजूद भी साइबर क्राइम के अपराध कम नहीं हो रहे हैं। जामताड़ा जिले को साइबर क्राइम का गढ़ कहा जाता है। इसके साथ ही देवघर और दुमका दिले में भी साइबर क्राइम के मामले ज्यादा आने लगे हैं। ऐसे में झारखंड पुलिस के लिए साइबर क्राइम के अपराधियों को पकड़ने के लिए और भी ज्यादा सशक्त और तकनीकी रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है।इसी को देखते हुए रांची के आईटीएस भवन में भारत सरकार की साइबर यूनिट और उत्तराखंड पुलिस के साइबर यूनिट की टीम के द्वारा झारखंड के पुलिसकर्मियों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। आईटीएस भवन में हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर रांची की साइबर डीएसपी नेहा बाला बताती हैं कि अपराध अनुसंधान झारखंड विभाग द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 12 मई से 16 मई तक चलेगा। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में भारत सरकार के गृह मंत्रालय की यूनिट इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर और उत्तराखंड से आए साइबर टीम के अधिकारी कार्यक्रम में आए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।भारत सरकार की संस्था साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर के दो एक्सपर्ट जीतेन सिंह और लूसी मेहता ने पुलिसकर्मियों को साइबर क्राइम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। झारखंड के पुलिस कर्मियों को साइबर क्राइम के एडवांस टेक्निक की जानकारी उत्तराखंड साइबर क्राइम विभाग के डिप्टी एसपी अंकुश मिश्रा ने दी। उन्होंने कई महत्वपूर्ण बारीकियों को बताने का काम किया। झारखंड साइबर क्राइम की डिप्टी एसपी नेहा बाला ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से झारखंड पुलिस को काफी लाभ होता है। इस तरह के कार्यकर्म होते रहने चाहिए ताकि साइबर क्राइम के अपराध को कम किया जा सके।

## भीषण गर्मी में झारखंडवासियों को लग सकता है बिजली का झटका

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जल्द नयी बिजली दरें निर्धारित की जायेगी। आयोग इसकी तैयारी में है। नियामक आयोग की मानें तो आयोग ने जनसुनवाई के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम को दिये प्रस्ताव पर आयोग ने बैठक की है। जिसमें छह जनसुनवाई और सलाहकार समीति की बैठक की गयी है। इन बैठकों के निष्कर्ष पर नियामक आयोग विचार कर रहा है। आयोग के पीआरओ सह लीगल ऑफिसर राजेंद्र नायक की मानें तो बैठकें पूरी कर ली गयी हैं। अब आयोग की ओर से आदेश पारित किया जायेगा। जिसकी तैयारी की जा रही है। बता दें आयोग की ओर से अलग-अलग जिलों में भी इस बार जन सुनवाई का आयोजन किया गया था। हालांकि अधिकांश जगहों में उपभोक्ताओं ने बिजली बिल नहीं बढ़ाने की बात कही। साथ ही कहा कि बिजली संसाधनों और बिजली आपूर्ति पर भी सवाल खड़े किये गये।जेबीवीएनएल ने साल 2023-24 के लिये पिछले साल 30 नवंबर 2022 में प्रस्ताव दिया। राज्य में लगभग तीन साल बाद दरें तय होगी। अब तक राज्य में अक्टूबर 2020 में तय बिजली दरें ही मान्य है। साल 2020 में कोविड महामारी के कारण आयोग ने बिजली निर्धारण में देर हुई। इसके बाद जनवरी 2021 में दो सदस्य पद खाली हो गयी। इसके पहले मई 2020 में पूर्व अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद आयोग खाली हो गया। ऐसे में साल 2021 और साल 2022 में नयी बिजली दरें तय नहीं हो पायी है। आयोग में एक सदस्य होने पर भी नयी बिजली दरें तय हो सकती है।

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण 15 फीसदी हुआ, अप्रैल 2024 तक हो जायेगा पूरा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण 15 फीसदी तक हो गया है। 3.50 किमी लंबे इसे एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य जुलाई 2022 में प्रारंभ हुआ था। काम काफी तेजी से किया जा रहा है। कचहरी जाकिर हुसैन पार्क से रातू रोड होते हुए पिस्का मोड़ ओटीसी ग्राउंड के पहले तक बनने वाले इस एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण अब तक दो दर्जन से अधिक पीयर बन गये हैं। पीलर कैप भी चढ़ाया जा रहा है। लाहकोठी के पास अभी पीयर बनाने के लिए ड्रिलिंग चल रहा है। यह प्रयास हो रहा है कि जल्द बिजली पोल हटाकर पिस्का मोड़ से लाहकोठी तक पीयर का काम पूरा कर दिया जाये। एनएचएआई के इंजीनियरों के मुताबिक जो रफतार है कॉरिडर निर्माण का उसके अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक इसे पूरा कर हैंडओवर भी कर दिया जायेगा। एनएचआई इस एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 557 करोड़ की योजना की स्वीकृति दी है, जिसमें 291 करोड़ सिविल कॉस्ट है। शेष राशि जमीन अधिग्रहण इत्यादि में खर्च की गयी है। इस फ्लाईओवर का निर्माण केसीसी बिल्डकॉन कर रहा है।एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण से रातू रोड क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को काफी फायदा होगा। रातू, मांडर पंडरा, इटकी रोड इत्यादि से आने वाहन उपर ही उपर फ्लाईओवर के जरिये कचहरी तक चले जायेंगे। नीचे की दोनों ओर की सड़क में कंजेशन कम होगा। इससे रोजाना जाम से निजात भी मिलेगी।

## प्रतीक्षा सूची बढ़ने पर रेलवे ने इन ट्रेनों पर लगाये अतिरिक्त कोच

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए प्रतीक्षा सूची के यात्रियों की सुविधा देने के लिये रांची से बनारस के बीच चलने वाली ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाया गया है। रांची रेल मंडल ने इस संबध में जानकारी दी है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेन संख्या 18611 रांची बनारस एक्सप्रेस ट्रेन में 5 मई को द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास का एक अतिरिक्त कोच लगाया गया है।ट्रेन संख्या 22837 हटिया एणार्कुलम एक्सप्रेस ट्रेन में 5 मई को वातानुकूलित 3 टियर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा।ट्रेन संख्या 12825 रांची द आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस ट्रेन में 15 मई को वातानुकूलित 3 टियर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया गया।ट्रेन संख्या 18622 हटिया पटना एक्सप्रेस ट्रेन में 15 मई को द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास का 01 अतिरिक्त कोच लगाया गया।रेल मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि ट्रेन संख्या 13425 और 13426 सूरत मालदा टाउन एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12835 और 12836 हटिया यशवंतपुर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन का रांची मंडल के बानो स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर अगले आदेश तक ठहराव दिया गया है। जिसकी सूची इस प्रकार है।ट्रेन संख्या 13425 मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारम्भ 20 मई से अगले आदेश तक बानो स्टेशन पर आगमन 01: 54 बजे एवं प्रस्थान 01: 55 बजे होगा। ट्रेन संख्या 13426 सूरत मालदा टाउन एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारम्भ दिनांक 22 मई से अगले आदेश तक बानो स्टेशन पर आगमन दोपहर 3: 36 बजे एवं प्रस्थान 3: 37 बजे होगा।

## रांची में हरी सब्जियों की कीमत छू रही आसमान, लोग किलो की बजाय पाव से चला रहे काम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी रांची में सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है।आलू, टमाटर, गोभी, फ्रेंच बीन, बंदगोभी, बैंगन, परवल, नेनुआ, टमाटर सहित सभी सब्जियों के भाव काफी बढ़ गए हैं। इस कारण लोगों की जेब पर इसका असर पड़ रहा है। बताते चलें कि रांची में धुर्वा, हरमू, अरगोड़ा, चुटिया, सुखदेवनगर, मोरहाबादी सहित कई जगहों पर सब्जियों का खुदरा बाजार लगता है। इस बाजार में आज की तारीख में जिस भाव में सब्जियां बिक रही है, वह लोगों का बजट बिगाड़ने के लिए काफी है।अरगोड़ा खुदरा सब्जी बाजार में पिछले पांच वर्षों से सब्जी बेच रही संध्या कहती हैं कि आढ़त (सब्जी के थोक बाजार) में ही सब्जियां महंगी हो गई हैं। जब वहीं से सब्जी महंगी मिलती है तो खुदरा बाजार में सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि कुन्द्री और प्याज का भाव आज भी कम है। लाल प्याज जहां 20 रुपए किलो है, वहीं कुन्द्री 30 रुपए किलो है। इसके अलावा सभी सब्जियों के दाम इन दिनों चढ़े हुए हैं और खरीदार किलो की जगह पांव में हरी सब्जियां खरीद रहे हैं।रांची के मेन रोड में डेली मार्किट में हर दिन सब्जियों का थोक बाजार लगता है। यहां सब्जियों के कई थोक विक्रेता हैं। सब्जी विक्रेताओं में से एक मोहम्मद मुनव्वर कहते हैं कि जिस अनुपात में खुदरा बाजार में सब्जियों के दाम बढ़े हैं। उसी अनुपात में थोक दर भी बढ़ा है। इसकी मुख्य वजह गर्मियों में सब्जियों का उत्पादन कम होना है। पिछले दिनों राज्य के कई जिलों में ओलावृष्टि और खराब मौसम की वजह से फसल भी खराब हुई है। एक और वजह इन दिनों शादी विवाह का सीजन होना भी है। जिस वजह से सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। सब्जियों के भाव में बेतहाशा वृद्धि से जहां मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के लोगों की थाली में साग-सब्जियां कम हो गईं हैं, वहीं दूसरी तरफ नींबू की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से अदरख-नींबू वाली चाय भी पीना दूभर हो गया है।

### पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया 16 मई से

**रांची:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 16 मई से बारहवीं और दसवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिका के रिवैलुएशन वेरिफिकेशन प्रोसेस की प्रक्रिया शुरू करेगा। इस साल बारहवीं में कुल 87.33 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता पायी है। दसवीं में 92.12% बच्चे पास हुए हैं। जो विद्यार्थी परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, वे अपनी उत्तर पुस्तिका री- चेक करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से कक्षा 12 और 10 में प्राप्त अंकों के पुनर्मूल्यांकन के लिए 16 मई से आवेदन की प्रकिया शुरू कर सकते हैं। बोर्ड के अनुसार, पूरक परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी, जिसकी तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी।

## समय पर नगर निकाय चुनाव नहीं कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव समय पर नहीं कराने और निर्वाचित पार्षदों के अधिकार समाप्त किए जाने के फैसले पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। रांची नगर निगम के पूर्व पार्षदों की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने राज्य सरकार और नगर निगम से इन दोनों बिंदुओं पर 27 जून से पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई की जानकारी देते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि न्यायालय में प्रार्थी की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका को भी स्वीकार किया गया है। इस हस्तक्षेप याचिका में जनता से जुड़े सारे कार्य अधिकारियों के जिम्मे सौंप दिए जाने से आम लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराया गया है।गौरतलब है कि रांची सहित राज्य के विभिन्न नगर निकायों का कार्यकाल पिछले महीने 27 अप्रैल को समाप्त हो गयी है। रांची नगर निगम के पूर्व पार्षदों में अरुण कुमार झा, रोशनी खलखो, विनोद सिंह, सुनील यादव और अन्य ने इस संबंध में रिट याचिका दाखिल कर न्यायालय से गुहार लगाई है। याचिका में सरकार पर ट्रिपल टेस्ट का बहाना बनाकर चुनाव नहीं कराने का आरोप लगाते हुए त्रिस्तरीय पंचायत राज की तरह 06 महीने शहरी निकायों का भी कार्यकाल बढाने का आग्रह किया गया है। इधर, सुनवाई के दौरान चारों पूर्व पार्षद न्यायालय परिसर में उपस्थित दिखे। उन्हें उम्मीद थी कि कोर्ट शहरी नगर निकाय के कार्यकाल बढ़ाने संबंधित कोई आदेश सरकार को देगा। फिलहाल, उन्हें 27 जून तक के लिए इंतजार करना होगा। याचिकाकर्ता अरुण कुमार झा कहते हैं कि न्यायालय में आज हुई सुनवाई से वे संतुष्ट हैं और उन्हें उम्मीद है कि 27 जून को होनेवाली अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट जरूर इस पर आदेश देगा। पूर्व पार्षद और याचिकाकर्ता रोशनी खलखो कहती हैं कि एक तरफ सरकार ने निकाय चुनाव समय पर नहीं कराया, वहीं दूसरी ओर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल भी नहीं बढाया , जबकि पंचायत चुनाव होने तक पंचायत जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल बढाया गया था। नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर ट्रिपल टेस्ट अब तक नहीं होने की वजह से राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं हो पाया है। ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने की वजह से नगर निकायों का कामकाज प्रशासक के भरोसे चल रहा है। 27 अप्रैल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में रांची नगर निगम सहित 34 नगर निकायों में प्रशासक के भरोसे कामकाज शुरू करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत प्रशासक के रूप में संबंधित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, निकाय परिषद यानी बोर्ड की सभी शक्ति और कार्यों का नियमानुसार कार्य की अनुमति दी गई है।

